**न्यूज ब्रीफ**

## सेमरावां में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**कोठी, बाराबंकी :** कोठी थाना क्षेत्र के डिघावा गांव निवासी सहदेव (40) पुत्र स्व. मायाराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सहदेव सोमवार को सेमरावां स्थित शराब ठेके पर पहुंचा था, जहां वह नशे की हालत में बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। हालत गंभीर होते देख ठेके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। ठेकेदार ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी भिजवाया। सीएचसी पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद सहदेव को मृत घोषित कर दिया।

## पीआरवी ने बुझाई गैस सिलेंडर में लगी आग

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अभयनगर मोहल्ला स्थित एक घर मे रखे गैस सिलेंडर मे अचानक आग लग गई। यूपी 112 पर काल आते ही सक्रिय हुई पीआरवी 9102 की टीम में नियुक्त पुलिस कर्मी कुछ ही पलों में घटनास्थल पहुंच गए। इस दौरान घर के सभी सदस्य घबराकर बाहर आ गए थे। मौके पर पहुंचे सिपाही नीरज यादव, अजीत सिंह साहस दिखाते हुए जलते सिलेंडर के पास पहुंचे और गीले व भारी कपड़े का प्रयोग कर जलती आग बुझाई। टीम के इस साहस की सभी ने प्रशंसा की।

## दहेज को लेकर महिला का किया उत्पीड़न

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** सुबेहा थाना क्षेत्र में दहेज को लेकर प्रताड़ित की जा रही विवाहिता की पिटाई के बाद उसे मायका पक्ष अपने साथ ले गया। पीड़िता की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्षेत्र के ग्राम पूरे चौबे मजरे हरचंदपुर में रहने वाली ममता पत्नी निलेश कुमार ने दी गई तहरीर में बताया कि उसका मायका छीतापुर मजरे करन गांव थाना इन्हौना जनपद अमेठी में है। तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति निलेश कुमार तथा अन्य ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते और आए दिन मारपीट करते थे।

## पिता ने पुत्र के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** सुबेहा थाना क्षेत्र में एक पिता ने अपने ही बेटे पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ताला रुकनुद्दीनपुर गांव में रहने वाले साहबदीन ने तहरीर में बताया कि उसके बेटे बाबूलाल ने दूसरी शादी कर ली है, जबकि पहली पत्नी से हुई बेटी संध्या 11 अपने बाबा के साथ रह रही है। बेटा बाबूलाल मनबढ़ शराबी है और आये दिन घरवालों से गाली गलौज व मारपीट करता है। यही नहीं अपनी नाबालिग बेटी से जबरन काम करवाता है, जरा सी गलती होने पर पिटाई कर देता है। वृद्ध पिता का यह भी आरोप है कि बेटा बाबूलाल अवैध असलहा रखता है और पिता को जान से मारने की धमकी देता आया है।

## करंट की चपेट में आकर मिस्त्री की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** टिकरा गांव में बिजली का काम करते समय करंट लगने से एक युवक की जान चली गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार खेवराजपुर मजरे टिकरा निवासी विशाल कन्नौजिया गांव में बिजली मिस्त्री के साथ सहायक के रूप में कार्य करते थे। रविवार को वह एक मकान में बिजली का तार जोड़ने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए और सीढ़ी से नीचे गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दूसरे बड़े मंगल पर भक्तों में दिखा उत्साह, गूंजे बजरंगी के जयघोष

### हनुमान मंदिरों में पूजा आरती के बाद जगह-जगह भंडारे का हुआ आयोजन


मसौली स्थित हनुमान मंदिर में प्रसाद बांटते अर्जुन वर्मा, आरती वर्मा एवं सुनीता।


भंडारे में प्रसाद वितरित करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** बाराबंकी और आसपास के क्षेत्रों में ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर हनुमान जी को प्रसाद अर्पित किया। जगह-जगह सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शहर के विभिन्न हिस्सों नाका पैसार, देवा रोड, राजकमल रोड, लखपेड़ाबाग, कोतवाली के बगल, सीएमओ ऑफिस के पास, बड़ेल, ओबरी रोड, सिविल लाइंस, धनोखर और सतरिख नाके समेत करीब पचास स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। इन भंडारों में पूड़ी-सब्जी, छोले-चावल और मिठाई सहित प्रसाद वितरित किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने सफेदाबाद स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में दिनेश सिंह द्वारा आयोजित भंडारे में पहुंचकर दर्शन-पूजन कर भक्तों में प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, डॉक्टर विवेक वर्मा, राकेश वर्मा कर्रा, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान समेत अन्य लोगों ने भी बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। कई स्थानों पर शरबत वितरण भी किया गया।

**मसौली प्रतिनिधि** राहुल वर्मा के अनुसार दूसरे बड़े मंगल के अवसर पर बाबा रामशरण दास भगवत दास कुटी स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक आयोजन का संचालन आयोजक अर्जुन वर्मा, आरती वर्मा एवं सुनीता सहित अन्य श्रद्धालुओं की उपस्थिति में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

**रामनगर प्रतिनिधि** विवेक शुक्ला के अनुसार द्वितीय बड़े मंगल के अवसर पर कई स्थानों पर भव्य भंडारे आयोजित किए गए। शुक्ला बुक डिपो की ओर से आयोजित भंडारे का शुभारंभ विधिवत हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। आयोजन मनीष शुक्ल द्वारा कराया गया, जिसमें मनोज तिवारी, सत्यवान सिंह यादव, विश्व हिंदू परिषद के जिला सेवा प्रमुख विनय मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में धमेड़ी तिराहा पर भी विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसका नेतृत्व उमेश शुक्ला, शुभम, मनीष, सनीष और पंडित शिवा मिश्र ने किया। यहां श्रद्धालुओं को छोले-चावल का प्रसाद वितरित किया गया।

**हैदरगढ़ प्रतिनिधि** ओम प्रकाश मौर्या के अनुसार अवसानेश्वर मार्ग स्थित मानपुर के दुर्गा मंदिर में श्रवण कुमार तिवारी (गुड्डू भैया), अनुज तिवारी और संजू तिवारी (काका) द्वारा श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह, डिंपल सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद तनुज पुनिया ने भी भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। तहसील फतेहपुर क्षेत्र स्थित बीएसएनएल कार्यालय के पास राहुल जायसवाल द्वारा आयोजित भंडारे का शुभारंभ विधायक साकेंद्र वर्मा, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, बार संघ अध्यक्ष प्रेम चंद्र पाल, उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी और गणेश शंकर मिश्र ने हनुमान जी की पूजा कर किया। वहीं कोतवाली परिसर में कोतवाल अमित प्रताप सिंह द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों ने राहगीरों को प्रसाद वितरित किया। इसी प्रकार जिले की अन्य तहसीलों में भी भंडारों का आयोजन हुआ।

## मंदिर में महिला के गले से चेन गायब, दी तहरीर

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** दूसरे बड़े मंगल पर बाबा रामसनेही दास मंदिर में भीड़ के बीच एक महिला की सोने की चेन चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पिपरिया भावनिया पुर खेवली निवासी आलोक यादव अपनी पत्नी रीता यादव के साथ मंगलवार दोपहर मंदिर पहुंचे थे। उस समय मंदिर में भारी भीड़ थी। बताया गया कि पूजा के दौरान प्रसाद चढ़ाते समय रीता यादव को एक महिला ने धक्का देते हुए आगे बढ़ने की कोशिश की। धक्का लगने से महिला गिर गईं। कुछ देर बाद एहसास हुआ कि उनके गले से सोने की चेन गायब है। पीड़िता के मुताबिक चोरी हुई चेन की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। आरोप है कि पुजारी ने अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करने की बात कही। इसके बाद उनके पति आलोक यादव ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। कोतवाल दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है।

## प्राइवेट इलाज करा रहे टीबी मरीजों को भी सरकारी सुविधाएं

**बाराबंकी, अमृत विचार:** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में निजी क्षेत्र में इलाज करा रहे टीबी मरीजों को भी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से जोड़ने की पहल तेज कर दी गई है। राज्य स्तर से अनुबंधित संस्था हिंदुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट द्वारा संचालित पीपीएसए परियोजना के माध्यम से वर्ष 2022 से निजी चिकित्सकों के सहयोग से मरीजों को सरकारी जांच, फॉलोअप व निक्षय पोषण योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजीव टंडन के मार्गदर्शन में संचालित कार्यक्रम के तहत बीते वित्तीय वर्ष में टीबी मरीजों को नोटिफाई कर सरकारी सुविधाओं से जोड़ा गया। एचएलएफपीपीटी परियोजना अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि मरीजों के परिजनों को टीबी निरोधक दवाओं और संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। डॉ. राजीव टंडन ने कहा कि निजी क्षेत्र और सरकारी तंत्र के बीच यह समन्वय टीबी मरीजों की समय पर पहचान, उपचार पूरा कराने और सरकारी सहायता उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रहा है।

## आग से मड़हा व गृहस्थी राख, किशोरी झुलसी

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग से मड़हा राख हो गया। आग की चपेट में गृहस्थी तो जली ही साथ ही एक किशोरी झुलस गई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना सुबेहा थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफाबाद में मंगलवार दोपहर हुई। गांव के नजदीक चकौरा मार्ग किनारे रामकुमार चौहान घासफूस का मडहा बनाकर अपने परिवार के साथ जीवन यापन करता है। अज्ञात कारणों से आग लगते ही मड़हा धूं धूं कर जलने लगा। गावं वालों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी लेकिन दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि मड़हा के अंदर रखा अनाज, बर्तन, कपड़ा व 15 हजार की नकदी जलकर राख हो गई। गृहस्थी बचाने के प्रयास में रामकुमार की 16 वर्षीय पुत्री सुरजा गंभीर रूप से झुलस गई।

## अग्निकांड प्रभावित परिवारों से मिले डीएम


निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने ग्राम शेखपुर टुटुरु में हुई अग्निकांड की घटना का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित 6 परिवारों से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली व सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बता दें कि 11 मई को हुई इस अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि नहीं हुई, लेकिन छह परिवारों की गृहस्थी पूरी तरह जलकर प्रभावित हो गई थी। प्रशासन द्वारा तत्काल राहत पहुंचाते हुए सभी परिवारों को आवश्यक मूलभूत सामग्री उपलब्ध कराई गई तथा प्रत्येक परिवार को 13-13 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। डीएम ने उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को पात्रता के आधार पर मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित कराया जाए ताकि उन्हें स्थायी राहत मिल सके।

## सीएचसी में डॉक्टर व स्टाफ से की अभद्रता

**मसौली, बाराबंकी :** सोमवार देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में इलाज कराने पहुंचे मरीज के साथियों ने इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एव स्टॉफकर्मियों से हाथापाई करते हुए अभद्र व्यवहार किया। इससे आहत चिकित्सक ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। बताते चलें कि सोमवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे सीएचसी बड़ागांव के इमरजेंसी कक्ष में तैनात चिकित्सक डा0 जाकिर हुसैन वहां मौजूद थे, तभी थाना क्षेत्र के ग्राम हबीपुर मरीज राजेश तिवारी पुत्र श्रीराम के साथ आये लोगों ने चिकित्सक जाकिर हुसैन एव स्टॉफकर्मियों से अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौच किया। चिकित्सक के विरोध करने पर नशे मे धुत लोग हाथापाई शुरू कर दी। पुलिस को काल करने पर आरोपी वहां से फरार हो गए। डाक्टर जाकिर हुसैन ने मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के अंतर्गत सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं सरकारी सम्मति नुकसान पहुंचाने की तहरीर दी है।

## 11 बुलेट सीज, 12 वाहनों का किया चालान


कार्रवाई करती पुलिस टीम। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिवहन और यातायात विभाग ने मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को एआरटीओ अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी और यातायात उपनिरीक्षक नसीर सिद्दीकी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मॉडिफाइड साइलेंसर लगी 11 बुलेट बाइक थानों में निरुद्ध कर दीं, जबकि 12 वाहनों का चालान किया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर करीब 15 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा रहा है। साथ ही अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण करने वाले साइलेंसर नष्ट कर वाहन सीज किए जा रहे हैं। एआरटीओ अंकिता शुक्ला ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## फर्जी बैनामा कर जमीन कब्जाने का प्रयास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम संदौली उमरपुर में फर्जी बैनामा कर भूमि कब्जाने, मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया गया है। गांव वासी मनीष कुमार पुत्र स्व माखन लाल ने न्यायालय से गुहार लगाते हुए बताया कि ग्राम संदौली स्थित भूमि को वर्ष 2005 में उन्होंने व उनकी मां सम्पता देवी ने गुरुदत्त पुत्र बैजू से क्रय किया था। आरोप है कि 3 मार्च को वह अपने प्लाट पर साफ-सफाई कर रहे थे, तभी गांव के शिवपूजन, सोनू, शिव कुमार व रामरूप वहां पहुंचे और भूमि को अपना बताते हुए बाउंड्री तोड़ने लगे। विरोध करने पर विपक्षियों ने मारपीट की तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में धोखाधड़ी और जालसाजी कर उनकी भूमि की चौहद्दी के भीतर बैनामा किए जाने की बात कही गई है। न्यायालय के आदेश पर थाना सतरिख में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## 26 किशोरियों को किया गया सम्मानित


किशोरी को सम्मानित करते बीईओ। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी :** उप्रावि नैनामऊ में 'सक्सेस ऑफ गर्ल्स सेलिब्रेशन' कार्यक्रम के तहत वात्सल्य संस्था की सक्षम परियोजना द्वारा 26 किशोरियों को ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। बीईओ जैनेंद्र कुमार ने कहा कि पढ़-लिखकर ही सफलता हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम में सीता सिंह, अशोक पांडे, राम किशन, अंकुभ, अवंतिका पांडे, फूलमती, कलावती और ललिता रहीं। वात्सल्य संस्था द्वारा परियोजना प्रबंधक भुवाल सिंह, महेंद्र कश्यप, सीमा वर्मा, शोभिका मिश्रा और शिल्पी मौर्य सहित कुल 156 सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

## गोवंश आश्रय स्थल में 15 कुंतल दान किया भूसा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल जरहरा में भूसा दान महादान अभियान के तहत 15 कुंतल भूसा दान किया गया। यह अभियान तहसीलदार नवाबगंज भूपेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर चलाया गया। अभियान में आशीष रस्तोगी, सीताशरण, उपेंद्र प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह संग्रह अमीन और राजेंद्र प्रसाद के संयुक्त प्रयास से जेआर इंडस्ट्रीज बाराबंकी के रामकिशोर वर्मा तथा रसौली स्टेशन रोड निवासी मनोज अग्रवाल ने भूसा दान किया। इस अवसर पर पशुधन प्रसार अधिकारी पंकज कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार वर्मा, रोहित तथा केयर टेकर राकेश, आलोक और अरविंद कुमार मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## उत्साह के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** मलिनपुर स्थित जेबीएस इंस्टीट्यूट में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग प्राचार्य लवकुश विश्वकर्मा के निर्देशन में हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और मानव सेवा के प्रति उनके समर्पण को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी राम किशोर वर्मा, लवकुश विश्वकर्मा, अंशिका सिंह, श्रृंगारिका, मंजीत कुमार, शाहनवाज अहमद, अरविंद, विमल कुमार, अविनाश, रघुवेंद्र शर्मा, तनुजा मिश्रा और आकाश वर्मा सहित संस्थान के कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन नर्सिंग पेशे के सम्मान और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## युवती को किया ब्लैकमेल परिजनों से की मारपीट

**देवा, बाराबंकी :** प्रेम संबंध समाप्त हो जाने के बावजूद एक युवक युवती के पीछे पड़ा हुआ है। तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर शादी का दबाव बनाया जा रहा। पीड़िता ने मामले में पुलिस से शिकायत की है। पीड़िता का आरोप है कि गांव निवासी आकाश वर्मा से पूर्व में बातचीत और जान-पहचान थी, लेकिन अब उसने उससे संबंध समाप्त कर लिए हैं। इसके बावजूद आरोपी लगातार शादी का दबाव बना रहा और रिश्ता तय होने पर उसे तुड़वा देता है। विरोध करने पर पुरानी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम करने की धमकी देता था। आरोप है कि 10 मई की रात आरोपी शराब के नशे में युवती के घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए परिवार को धमकाया। विरोध करने पर आरोपी ने युवती व उसके माता-पिता से मारपीट की। पीड़िता को आशंका है कि आरोपी द्वारा कोई अप्रिय घटना की जा सकती है।



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

## एमबी कॉलेज में उत्साह के साथ मना मदर्स डे

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुनेश्वर विहार कॉलोनी स्थित एमबी कॉलेज में मदर्स डे का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में माताओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान माताओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, वहीं नन्हें बच्चों ने कविता, गीत और रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि बच्चों की माताओं ने भी गायन और नृत्य प्रस्तुत कर अपने बच्चों के प्रति प्रेम और स्नेह व्यक्त किया। माताओं और बच्चों की संयुक्त प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर नर्सरी के अव्युक्त वर्मा, एलकेजी के प्रज्वल सिंह, यूकेजी के वैदिक वर्मा तथा कक्षा एक की आकृति सिंह की माताओं को अनुशासन, सक्रिय सहभागिता और उत्कृष्ट मातृत्व के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रक्षा सक्सेना ने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माँ का स्थान जीवन में सर्वोपरि है।

## बेकाबू बाइक डिवाइडर से टकराई, सगे भाई घायल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा कि बाइक सवार को झपकी आने के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान कुशीनगर निवासी अरबाज अंसारी 20 और फैसल अंसारी 16 के रूप में हुई। दोनों फाजिल नगर, मबनटटा बाजार, मुसहरी मस्जिद, थाना चौरा बाजार, कुशीनगर के रहने वाले हैं। दोनों भाई कुशीनगर से लखनऊ काम करने जा रहे थे। यह हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 22 पर हुआ। सूचना मिलते ही लोनीकटरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। वहां मौजूद डॉ. मनोज तिवारी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए सीएचसी त्रिवेदीगंज लाया गया था।

## घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र के संदौली उमरपुर स्थित एक कालोनी में अज्ञात चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित जिब्रील अंसारी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कुशीनगर गए हुए थे। 10 मई को पड़ोसी मेहताब आलम ने फोन कर बताया कि उनके घर का मुख्य ताला टूटा हुआ और दरवाजा खुला पड़ा है। वीडियो कॉल पर घर का सामान बिखरा दिखाई दिया। सूचना मिलते ही परिवार वापस घर पहुंचा और डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। तहरीर के मुताबिक चोरों ने घर में रखे करीब 85 हजार रुपये नकद, डेढ़ लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर, बैंक पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, आधार व पैन कार्ड समेत बड़ी मात्रा में कपड़े और घरेलू सामान चोरी कर लिया।


लोगों को मिठाई बांटकर खुशी मनाते समाजसेवी सौरभ द्विवेदी व अन्य। अमृत विचार

## मनोज पाण्डेय के कैबिनेट मंत्री बनने पर ब्राह्मण समाज में खुशी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** यूपी सरकार में डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर ब्राह्मण समाज ने खुशी जताई। मंगलवार को सिविल लाइन स्थित पुराने टेलीफोन एक्सचेंज, बस स्टेशन और कचहरी परिसर में वरिष्ठ समाजसेवी सौरभ द्विवेदी ने सैकड़ों लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर सौरभ द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय को कैबिनेट मंत्री बनाना ब्राह्मण समाज के सम्मान से जुड़ा ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि मनोज पाण्डेय प्रदेश की सवर्ण राजनीति, विशेषकर ब्राह्मण समाज की मजबूत और संघर्षशील आवाज रहे हैं। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ला, विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, ब्राह्मण उत्थान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी, मोनू त्रिवेदी, शिवम शुक्ला एडवोकेट, प्रशांत पाण्डेय, हरीश मिश्र, अंशुमान द्विवेदी, सुशील मिश्र एडवोकेट, रवि वर्मा, महेंद्र तिवारी, आशु मिश्रा, अतुल तिवारी, सुधाकर वर्मा, सनी वर्मा, दिनेश दीक्षित, हिमांशु दीक्षित, करन मिश्रा, वीरू द्विवेदी, आलोक गिरी, योगेश तिवारी और अंजनी मिश्रा मौजूद रहे।

# 15 दिन में सुधारें व्यवस्था: डीएम

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी:** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मंगलवार को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल में मिली अव्यवस्थाओं पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सुधार के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने मरीजों से भी बातचीत कर फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान पर्चा बनवाने में लगने वाली लंबी कतारों को देखते हुए महिला और पुरुष मरीजों के लिए अलग-अलग पर्चा काउंटर संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही लैपटॉप की कमी को लेकर शासन को पत्र भेजने की बात कही। शौचालयों की खराब स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल साफ-सफाई और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। कहा अस्पताल में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं और यदि कोई डॉक्टर बाहर से दवाइयां लिखता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दवा भंडार कक्ष में स्टॉक रजिस्टर भी जांचा गया। डीएम ने बताया कि अस्पताल में जल्द ही अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की जाएगी। उन्होंने ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, आयुष्मान कक्ष, सैंपल कलेक्शन कक्ष, इमरजेंसी ऑक्सीजन प्लांट व रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई व मरम्मत के निर्देश दिए। डीएम ने आवासीय परिसर से खराब एंबुलेंस हटाने और ऑक्सीजन प्लांट को हर समय चालू रखने पर जोर दिया।


डॉक्टरों को निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## राजस्व टीम से की अभद्रता, दंगा भड़काने की कोशिश, केस दर्ज

**रामनगर, बाराबंकी :** एसडीएम कोर्ट के निर्देश पर विवाद का समाधान कराने पहुंची राजस्व टीम के सामने दूसरे पक्ष ने अभद्रता की व सरकारी काम में बाधा डालने की कोशिश की गई। टीम का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने दंगा जैसे हालात बना दिए। पुलिस ने नौ नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला ग्राम बैकुण्ठापुर मजरे भगौली थाना बद्दूपुर निवासी सुखलाल पुत्र पुत्तीलाल से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार गाटा संख्या 258/0.700 हेक्टेयर की मेड़बंदी पूर्व में राजस्व निरीक्षक द्वारा कराई गई तथा भूमि के कोनों पर पत्थर व एंगल लगाए गए थे। आरोप है कि प्रतिपक्षियों ने उन्हें उखाड़ लिया, जो बाद में उनके घर से बरामद हुए। इस संबंध में फोटो और वीडियो फुटेज भी उपलब्ध है। बताया गया कि न्यायालय उपजिलाधिकारी रामनगर के आदेश के अनुपालन में 10 मई को राजस्व टीम, महिला पुलिस बल तथा लालपुर करौता चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। आरोप है कि काजल चौहान, गीता, कमला देवी, सिंधू देवी, संतोषी देवी, अजय, राजू, ओम प्रकाश उर्फ नान्ह और रिंकू समेत अन्य अज्ञात पुरुष व महिलाओं ने गाली-गलौज, अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की व दंगा भड़काने का प्रयास किया। साथ ही कोर्ट के आदेश की अवहेलना भी की गई।

## गैस वितरण में अनियमितता पर हंगामा, एसडीएम की रोकी गाड़ी

**रामनगर, बाराबंकी :** लोधेश्वर गैस एजेंसी बरुवा नरेंद्रपुर के उपभोक्ताओं ने मंगलवार को तहसील पहुंचकर गैस वितरण में अनियमितता की शिकायत की। उपभोक्ताओं का आरोप था कि मोबाइल पर डीएसी नंबर आने के बावजूद उन्हें घरेलू गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। शिकायत पर नायब तहसीलदार और पूर्ति निरीक्षक मौके पर पहुंचे और अभिलेखों की जांच की। जांच में उपभोक्ताओं के आरोप सही पाए गए, जिसके बाद संबंधित गैस एजेंसी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। अधिकारियों ने कहा कि समय से और नियमानुसार गैस उपलब्ध कराना एजेंसी की जिम्मेदारी है। वहीं कस्बे की एक गैस एजेंसी के सामने मंगलवार सुबह भारी भीड़ लगी रही। इसी दौरान एसडीएम वहां से गुजर रहे थे। लोगों ने उनकी गाड़ी रुकवाकर गैस न मिलने की शिकायत करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। काफी देर तक हंगामा होता रहा जिससे असमंजस की स्थिति बनी रही। एसडीएम आनंद तिवारी ने लोगों की शिकायत पर उन्हें तहसील बुलाया। वहां हंगामा कर रहे बड़नपुर निवासी शिवमोहन को कोतवाली पुलिस के हवाले किया गया, जबकि दो अन्य मामलों की नायब तहसीलदार ने जांच कर समाधान का प्रयास किया। बाद में शिवमोहन को छोड़ दिया गया। सप्लाई इंस्पेक्टर अनुज कुमार सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

न्यूज ब्रीफ

### अवैध कब्जा करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के ग्राम हूंसेपुर लुकमान में खेत पर जबरदस्ती कब्जा करने वाले आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित विपिन कुमार पुत्र गुरु प्रसाद के अनुसार उसके पिता की मृत्यु के पश्चात उसके खेत पर जबरदस्ती कब्जा करने की नीयत से गांव निवासी वेदप्रकाश ने सुमित, भन्नु, गोलू, अनूप और सावित्री के साथ मिलकर पिछले वर्ष उसे व परिवार के सतीश, सुनील और नेहा को धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया था। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। विपक्षी जमानत पर छूटने के बाद गांव आ गए। आरोपियों ने उसके खेत पर दोबारा कब्जा जमा लिया। फसल को भी जबरदस्ती बेच दिया। जबकि खेत के नाम पर लिया हुआ विपक्षी के दो लाख रुपया भी उसने न्यायालय में वापस कर दिया है। विपक्षी राजनैतिक पहुaच वाले है। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी हैं।

### दुकानदार को पीटकर दी धमकी, पांच पर केस

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला पूर्वीया टोला निवासी शरीफ पुत्र रशीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा के पास ठेला लगाकर परिवार पालता है। बीती 11 मई को 5 नशेड़ी अचानक आ धमके और उससे मारपीट शुरू कर दी। यही नहीं बल्कि उसे बचाने आए आसपास के दुकानदारों को भी शराबियों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित दुकानदार ने 5 नशेड़ियों को नामित करते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# रेलवे ट्रैक के किनारे खड़े किए जा रहे वाहन

## हरदोई रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी, लापरवाही पर हो सकता है हादसा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन परिसर में इन दिनों सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्टेशन और माल गोदाम के पास रेलवे लाइन के बिल्कुल निकट दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े किए जाने का सिलसिला लगातार जारी है। यह स्थिति न केवल रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है, बल्कि भारतीय रेल की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर रही है।

रेलवे प्रशासन की ओर से स्टेशन परिसर में स्पष्ट रूप से चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, जिनमें रेलवे ट्रैक और माल गोदाम क्षेत्र के पास वाहन खड़ा करने पर रोक का उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद लोग खुलेआम वहां वाहन खड़े कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि संबंधित अधिकारियों की नजर इस ओर नहीं पड़ रही या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है।


रेलवे ट्रैक के किनारे खड़े वाहन। अमृत विचार

### गंभीरता से नहीं लिये जा रहे नियम

**हरदोई, अमृत विचार।** स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार अचानक ट्रेन आने की स्थिति में हादसे की आशंका भी बनी रहती है। माल गोदाम क्षेत्र में भारी वाहनों और माल लोडिंग का काम चलता रहता है, ऐसे में वहां निजी वाहनों की मौजूदगी सुरक्षा मानकों के खिलाफ मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार मंडल स्तर से रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं। इसके तहत "यहां वाहन खड़ा करना मना है। जैसे बोर्ड भी लगाए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन निर्देशों का असर दिखाई नहीं दे रहा। रेलवे अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते



लोग नियमों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन को स्टेशन परिसर में नियमित निगरानी बढ़ानी चाहिए और रेलवे ट्रैक के पास वाहन खड़ा करने वालों पर कार्रवाई करनी चाहिए। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। फिलहाल हरदोई रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी लोगों के बीच चिंता का विषय बनी हुई है।

# आशा बहू पर आरोप लगाते हुए डीएम से की शिकायत

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** शेखापुर नगरिया गांव निवासी बलराम ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि गर्भवती पत्नी को बीती चार 4 शुरू हुई। बलराम का आरोप है कि जब वह चिकित्सीय परामर्श और सहायता के लिए गांव की आशा बहू के पास पहुंचा, तो उन्होंने साथ चलने के बदले 5,000 रुपये की मांग की। पीड़ित द्वारा असमर्थता जताने और बाद में भुगतान करने का अनुरोध करने पर स्वास्थ्य कर्मी ने कथित तौर पर साथ जाने से मना कर दिया और अभद्र व्यवहार किया। सरकारी तंत्र से सहयोग न मिलने की स्थिति में पीड़ित अपनी पत्नी को लेकर निजी अस्पताल की ओर भागा। रास्ते में स्थिति बिगड़ने पर उसे सांडी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां चिकित्सकों ने आपातकालीन स्थिति में ऑपरेशन की सलाह दी। पत्नी और नवजात की जान बचाने के फेर में पीड़ित को भारी खर्च उठाना पड़ा, जिसकी पूर्ति के लिए उसे अपनी एक बीघा जमीन का एग्रीमेंट करना पड़ा है। पीड़ित बलराम ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मांग की है कि उक्त स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध कड़ी जांच कर उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उक्त कर्मचारी द्वारा अक्सर अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरती जाती है।

# श्रमिक की पत्नी का लटका मिला शव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पति की गैर मौजूदगी में महिला ने कमरा बंदकर फांसी लगा ली। मजदूरी पर गया उसका पति जब दोपहर में खाना खाने घर पहुंचा तो कमरे में पत्नी को फंदे से लटकता पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली देहात के पतलोहिया मजरा नानक गंज झाला निवासी राहुल वीजीजीरामजी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के तहत मज़दूरी करता है। उसकी शादी पिछले साल 27 अप्रैल को गाज़ीपुर ज़िले के नारी पचदेवरा निवासी उमाशंकर की 22 वर्षीय पुत्री कल्पना के साथ हुई थी। राहुल ने बताया कि सोमवार वह मज़दूरी करने गया था, दोपहर में खाना खाने घर पहुंचा तो बाहर का दरवाज़ा बंद था। उसके बार-बार आवाज़ देने पर अंदर से कोई जवाब नहीं आया तो उसने दरवाज़ा तोड़ दिया। कमरे में झांका तो पत्नी कल्पना फांसी पर लटक रही थी। राहुल ने कमरे का दरवाज़ा तोड़कर फांसी पर लटक रही पत्नी का फंदा काटकर उतारा। लेकिन उससे पहले कल्पना की मौत हो चुकी थी। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### शव से दूर रहे मायके वाले, चेहरा तक नहीं देखा

**हरदोई।** कल्पना की मौत की खबर सुनकर उसके मायके वाले आए, लेकिन शव से दूर ही रहे। पति राहुल ने बताया कि सबसे पहले उसने ससुर को फोन पर पूरी बात बताई थी, उसके ससुराल वाले रात में पहुंचे। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा दिया। मंगलवार को राहुल और उसके घर वाले मौजूद थे,लेकिन ससुराल वालों का कुछ पता नहीं चला। काफी देर बाद बताया गया कि कल्पना के मायके वाले पास नहीं आएगे। राहुल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद उसने ससुराल वालो को बुलाया गया,लेकिन फिर भी नहीं आए और चेहरा तक देखने से इंकार कर दिया।

- 27 अप्रैल को गाजीपुर जिले से हुई थी मजदूर की शादी

### दबंग कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज की गई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तेज रफ्तार गाड़ी को चलाने से मना करने पर युवक को डंडे से मारपीट कर घायल करने वाले दबंग कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है। सांडी कस्बे के मोहल्ला मुंशीगंज निवासी पीड़ित आकाश के अनुसार 4 मई की शाम करीब 5.30 बजे वह उधरनपुर में खड़ा था। कस्बे के मोहल्ला गिलजई निवासी शिवम तिवारी पुत्र सर्वेश तिवारी अपने साथ ग्राम बेहटा कोला निवासी पप्पू पुत्र गामा के साथ रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाही से अपनी गाड़ी दौड़ा रहे थे। उसके द्वारा रोकने पर शिवम ने गाडी में से डंडा निकाल कर उसे डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मार डालने की धमकी दी।

# ट्रेनों की लेटलतीफी से परेशानी



संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के देर से पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। खासतौर पर लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से लेकर देर रात तक डाउन लाइन से गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनें अपने तय समय से काफी देरी से स्टेशन पहुंचीं, जिससे प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ और परेशानी दोनों बढ़ गईं।भीषण गर्मी के बीच घंटों ट्रेन का इंतजार करना यात्रियों के लिए मुश्किल भरा साबित हो रहा है। दैनिक यात्रा करने वाले लोगों के साथ-साथ लंबी दूरी के यात्रियों को भी भारी असुविधा उठानी पड़ रही है। कई यात्री प्लेटफॉर्म पर बैठकर ट्रेन का इंतजार करते दिखाई दिए, जबकि कुछ लोग लगातार रेलवे ऐप और पूछताछ केंद्र से जानकारी लेते रहे।

### यात्रियों के दिनचर्या हो रही प्रभावित

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को कई महत्वपूर्ण ट्रेनें निर्धारित समय से काफी देरी से पहुंचीं। मेरठ सिटी से लखनऊ जंक्शन जाने वाली 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस अपने तय समय दोपहर 1 बजे के मुकाबले करीब 1 घंटा 40 मिनट देर से हरदोई पहुंची। वहीं जम्मूतवी से सियालदह जाने वाली 13152 सियालदह एक्सप्रेस दोपहर 2 :16 बजे के निर्धारित समय के बजाय करीब 2 घंटे 20 मिनट की देरी से स्टेशन पहुंची ।इसके अलावा लालगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने वाली 15910 अवध असम एक्सप्रेस भी अपने तय समय दोपहर 2 :28 बजे से करीब साढ़े तीन घंटे की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची। सुबह के समय भी लखनऊ रूट की कई ट्रेनें घंटों लेट रहीं, जिससे ऑफिस और जरूरी काम से यात्रा करने वाले लोगों को खासा नुकसान उठाना पड़ा ।यात्रियों का कहना है कि लगातार ट्रेनों की देरी से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। लोगों ने रेलवे प्रशासन से ट्रेनों के संचालन में सुधार करने और समय पालन सुनिश्चित करने की मांग की है।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत में पति भेजा गया जेल

**उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के बाबूखेड़ा गांव में रविवार रात हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने पति को जेल भेजा है। महिला के पिता ने दामाद व उसकी महिला मित्र सहित 5 पर बेटी की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बता दें कि मगरायर गांव के मजरा बाबूखेड़ा निवासी आरती (38) पत्नी गंगादीन की बीते रविवार संदिग्ध हालत में मौत हुई थी। आरती के पिता कन्हई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि शादी के 18 साल बाद भी बेटी के संतान नहीं थी। इससे कई वर्षों से दामाद की गांव की एक महिला से नजदीकी बढ़ गई थी। आरती को इसका पता चला तो उसने विरोध किया। इस पर दामाद बेटी को प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि रविवार को भी इसे लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद दामाद ने महिला मित्र व अपनी 3 बहनों के साथ मारपीट के बाद आरती को कीटनाशक पिला दिया। दिखावे के लिए इधर उधर इलाज के लिए ले गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। मंगलवार को कोतवाल राजपाल ने पति गंगादीन को बेहटा भवानी-बाबूखेड़ा मार्ग से पकड़कर जेल भेजा है। सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि पति को गिरफ्तार के जेल भेजा गया है। मामले की जांच जारी है।

# ईंट-भट्ठा संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार Follow UP

- पानी भरे में गड्ढे में डूबकर भाई-बहन की मौत के मामले में लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार।** ईंट-भट्ठा मज़दूर की बेटी और उसके बेटे की ईंट-भट्ठे के पास पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत होने के मामले में भट्ठा संचालक की लापरवाही सामने आने पर लेखपाल ने उसके खिलाफ लोनार थाने में बीएनएस की धारा 106 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की जांच एसआई रघुवंश कुमार यादव को सौंपी गई है।

बताते चलें कि लखीमपुर खीरी ज़िले के अमीनगर थाना मोहम्मदी निवासी इरशाद पुत्र अशफाक जोकि लोनार थाने के चिमना गांव में आशीष ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी करता है, वहीं उसकी पत्नी सलमा बच्चों के साथ रह रही थी। रविवार शाम को उसकी बेटी रुख्सार और बेटा अबज़द भट्ठे के पास खेल रहा था, उसी बीच दोनो गायब हो गए। इधर देर शाम दोनों न पहुंचने पर उन्हे ढूंढा जाने लगा, उसी दौरान भट्ठे से करीब 100 मीटर दूर पानी से भरे हुए गड्ढे में दोनो के शव पड़े देखे गए। माना जा रहा है कि दोनों खेल रहे थे, उसी बीच कोई एक गड्ढे में गिरा होगा, उसे बचाने में दूसरा भी गिर गया और पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। भाई-बहन की मौत के मामले में की गई जांच में सामने आया कि भट्ठा संचालक की तरफ से 5 फिट 5 इंच गहरे खोदे गए गड्ढे की सुरक्षात्मक व्यवस्था नहीं की गई थी, साथ ही कफन पट्टी नहीं लगी हुई थी। इस तरह लोनार निवासी भट्ठा संचालक योगेंद्र पाल सिंह पुत्र गंगा सिंह की तरफ से बरती गई लापरवाही से भाई-बहन की मौत हुई। राजस्व लेखपाल अनिरुद्ध कुमार की तहरीर पर भट्ठा संचालक योगेंद्र पाल सिंह के खिलाफ लोनार थाने में बीएनएस की धारा 106 के तहत रिपोर्ट दर्ज करते हुए एसआई रघुवंश कुमार यादव को जांच सौंपी गई है।


इसी गड्ढे में डूबकर हुई थी भाई-बहन की मौत। अमृत विचार

# नहाते समय गंगा नदी पानी में डूबने से युवक की मौत

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** मौसेरी बहन की ससुराल गया युवक गंगा नहाते समय गहरे पानी में चला गया। आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के शैरपुर खुर्द गांव निवासी अनुराग (25) पुत्र गंगाराम ई-रिक्शा चलाकर अपनी जीविका चलाता था। सोमवार को वह फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के रूपपुर चंदेला गांव निवासी मौसेरी बहन रिंकी पत्नी विजय के घर गया था। जहां से वह गांव के बाहर से निकली गंगा नदी किनारे तरबूज खरीदने गया था। तभी वह गंगा नहाने चला गया। नहाते समय तेज बहाव ने फंसकर वह गहरे पानी में डूब गया। वहां मौजूद लोगों के शोर मचाने पर तैर लेने वाले लोगों ने पानी में छलांग लगाकर उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से उसे बाहर निकलवाया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। इसकी खबर से परिजनों में चीखपुकार मच गई। पिता गंगाराम व मां गुड्डी बेहाल हो गई। अनुराग 2 भाइयों में अनूप से बड़ा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें उसकी डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि युवक की डूबने से मौत होने की सूचना मिली थी।

### शक्तिपीठ में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**उन्नाव, अमृत विचार।** गायत्री शक्तिपीठ में सुबह सर्वप्रथम गायत्री का जप किया गया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन अजय शुक्ला की टोली ने किया और गायत्री यज्ञ हुआ। व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव (एडवोकेट) ने कहा कि श्रद्धा भक्ति सेवा में सुग्रीव के सेवक राम का आश्रय पाकर हनुमान बन गए। कहा कि सभी को मंगलवार को सुंदरकांड पाठ करना चाहिए। यह रामचरित मानस का दिल है। इसीलिए इसका नाम सुंदरकांड रखा गया। इसमें अजय शुक्ला, जगदेव प्रसाद, कन्हैया, तिलक श्रीवास्तव, चन्द्र किशोर द्विवेदी, राम नरेश सिंह, गौरव दीक्षित, छुन्ना पाण्डेय आदि रहे।

# ऑनलाइन व्याख्यान का हुआ आयोजन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग और दुर्गा भाभी कल्चरल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रिविस्टिंग क्लास्कल लिटरेचर इन इंग्लिश विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो ओंकार नाथ उपाध्याय (पूर्व विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय) ने विषय की प्रासंगिकता को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

इस वर्ष से लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की परास्नातक कक्षाओं में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्राचीन भारतीय ग्रंथों के अंग्रेजी संस्करण को शामिल किया गया है। आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं में इसी विषय के प्रति रुचि और गहनता के उद्देश्य से इस व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. उपाध्याय ने विषय की गहनता और व्यवहारिक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पाठ्यक्रम जीवनोपयोगी होना चाहिए। इसीलिए भारतीय आदि ग्रंथों का पाठ्यक्रम में होना अति आवश्यक है।

भारतीय साहित्य लोक कल्याण की भावना से ओत प्रोत है। इसमें श्रृंगार के साथ के साथ साथ लोक करुणा की बात की गई है जो अन्यत्र दुर्लभ है। प्रो. उपाध्याय ने ऋग्वेद के अग्नि सूक्त, कठोपनिषद, गीतांजलि, अभिज्ञान शाकुंतलम, विवेक चूड़ामणि, प्रतिमा नाटकम , रामायण, महाभारत आदि महाग्रंथों की चर्चा करते हुए कहा कि ये सभी ग्रन्थ लोक मंगल की कामना से युक्त ग्रन्थ हैं जो जीवन को जीने की कला प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं और छात्राओं के साथ साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागीय छात्र छात्राएं व अन्य महाविद्यालयों के प्राध्यापिकाएं व छात्र-छात्राएं भी जुड़ कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### राजमार्ग पर दो दुकानों के ताले तोड़कर चोरी

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत राजमार्ग निवासी ऋषभ दीक्षित की पनीर की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब 4500 रुपये और एक स्पीकर चोरी कर लिया। वहीं जगनी खेड़ा निवासी सूरज गुप्ता की पेट्रोल पंप के बाहर स्थित परचून की दुकान का भी ताला तोड़ा गया। चोर यहां से करीब 10 हजार नकद व अन्य सामान ले गए। सूरज ने बताया कि उनकी दुकान में पहले भी चोरी हो चुकी है। जिससे वह काफी परेशान हैं। दोनों पीड़ितों ने घटना की सूचना गंगाघाट पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रिक्शा चालक को पीटकर दी जान से मारने की धमकी, तीन पर रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ला निवासी संतोष सविता ने गंगाघाट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 मई की रात साढ़े 9 बजे उनका पुत्र सोनू रिक्शा लेकर अवस्थी फार्म से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में मानवेन्द्र प्रताप सिंह, नागेन्द्र प्रताप सिंह व राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने उसका रिक्शा रोक कर गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड, लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। इस दौरान उसका मोबाइल भी तोड़ दिया गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों पर रिपोर्ट दर्ज की है।


मारपीट में घायल सोनू।

### अधेड़ की संदिग्ध हालात में मौत, बिसरा सुरक्षित

**उन्नाव, अमृत विचार।** बिहार थानाक्षेत्र के लालपुर गांव निवासी अधेड़ की घर पर अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव के पोस्टमार्टम में उसकी मौत का सही कारण पता नहीं चला। जहर की आशंका पर बिसरा सुरक्षित किया गया। बिहार थानाक्षेत्र के जिमीपुर गांव के मजरा लालपुर निवासी रामबक्श मजदूरी करता था। सोमवार को वह घर पर था। मवेशियों को चारा पानी देकर वह थानाक्षेत्र के भाटन खेड़ा गांव अपनी बेटी लक्ष्मी के घर गया। जहां से रात में लौटा और खाना खाकर घर के पीछे चारपाई पर लेट गया।

प्रतियोगिता | कानपुर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट प्रोमोशनल स्केटिंग प्रतियोगिता में दिखाया दम

# आरएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जीते पदक

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के संडीला रोड स्थित आरएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कानपुर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट प्रोमोशनल स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार सफलता पाई है। इससे स्कूल प्रबंधन व क्षेत्र के खेल प्रेमियों में हर्ष है।

कानपुर रोलर स्केट एंड स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कल्याणपुर स्थित गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने हिस्सा लिया। जहां आरएस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए। कक्षा 2 के छात्र अब्दुल हादी ने 6 से 8 वर्ष के आयु वर्ग में अपनी रफ्तार का जादू दिखाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। अरमान व वैष्णवी ने कड़ी प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीतकर प्रतिभा दिखाई। श्रेयस व शाम्भवी ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय आने पर बच्चों का स्वागत हुआ। प्रबंधक रिज़वान अहमद ने सभी विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान खेल शिक्षक पवन सूर्यवंशी, आकांक्षा, रीमा सिंह, अनुराग त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


प्रतियोगिता में स्केटिंग करते बच्चे। अमृत विचार

### जंगल में फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मवई ब्रह्मनान गांव निवासी नारायण (50) की शादी नहीं हुई थी। वह अपने भाइयों के साथ रहकर खेती में हाथ बटाता था। वह शराब का लती था। मंगलवार को शराब पीकर दोपहर में घर से निकल गया। करीब 1 बजे घर से 200 मीटर आगे जंगल में पेड़ पर फंदे से उसका शव लटका मिला। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों के मुताबिक वह अधिक शराब पीने का लती था। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


नारायण का फाइल फोटो।

# शारदा नहर में गिरा अधेड़, तलाश जारी


हादसे के बाद शारदा नहर पुल पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** सुबह शौच को गया अधेड़ शारदा नहर मे डूब गया । नहर के किनारे शौच के दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। थाना क्षेत्र के गांव शेखवा पुर मजरा क्योंटी ख्वाजगीपुर निवासी 55 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र भगौती प्रसाद मंगलवार की सुबह शौच के लिए शारदा नहर के किनारे गए थे। शौच के समय अनिल का पैर फिसल गया, जिससे वह तेज बहाव के चलते गहरे पानी में चला गया और वह डूब गए। गोताखोरों की मदद से नहर में जाल बिछाकार ढूंढने का प्रयास जारी है, लेकिन अभी तक डूबे हुए व्यक्ति का कोई पता न चल सका है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। लोगों में चर्चा है कि अनिल पर अधिक कर्जा होने कारण आत्महत्या कर ली है। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया गांव के लोग दमकल कर्मियों व गोताखोर के साथ नहर में जाल बिछाकर तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। अनिल की खोज में रेस्क्यू ऑपरेशन समाचार लिखे जाने तक चलाया जा रहा था।

## न्यूज ब्रीफ

### जाति सूचक गाली देकर की पिटाई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** अल्लाहपुर सैदी खेल मोहल्ले में दबंग ने दलित महिला और उसके बेटे को जाति सूचक गालियां देकर पीटा। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गुड्डी पत्नी सोहनलाल के अनुसार 27 अप्रैल की शाम मोहल्ले के निहाल, उसके पिता अनीस और बहन ने मिलकर उसे व उसके पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया और जाति सूचक गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली में दलित उत्पीड़न के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई। घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

### बाइक पर रखा बैग चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के अल्लाहपुर तिराहे पर मिठाई खरीद रही बाइक सवार महिला का बैग चोरी होने के संबंध में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। गोंडा के इटियाथोक निवासी पूजा पाण्डेय पत्नी तरुण पांडे के अनुसार वह बिलग्राम में रिश्तेदारी में आई थी। 10 मई की रात वह बाइक से रौजा जनपद शाहजहांपुर रिश्तेदारी में जा रही थी। कस्बे के अल्लाहपूर तिराहे पर वह बाइक खड़ी कर मिठाई लेने लगी, इसी बीच उचक्का उनकी बाइक से बैग उतारकर फरार हो गया। उसकी बैग में सोने के एक जोड़ी टॉप्स, एक जोड़ी बाली और उसका मोबाइल फोन रखा था।

### साथियों सहित दबंगों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के ग्राम तड़ेर में दबंगों ने रंजिश के चलते दलितों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। तड़ेर निवासी संतराम की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सर्वेश, आदेश पुत्रगण भग्गा के खिलाफ दलित उत्पीड़न के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## सीएचसी में बड़े मंगल पर किया गया आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** हरपालपुर संवाददाता के अनुसार ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल के पावन अवसर पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद पांडेय व डॉ. बंदना पांडेय ने स्वयं भक्तों को प्रसाद वितरित कर सेवा कार्य की शुरुआत की। अस्पताल आने वाले मरीजों, उनके तीमारदारों और राहगीरों के लिए पूड़ी-सब्जी की व्यवस्था की गई थी। भंडारे के सफल आयोजन में रनवीर सिंह, नीरभान, अरविंद सिंह, मनोज तिवारी, सूरज सहित समस्त चिकित्सालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। दोपहर से शुरू हुआ यह भंडारा देर शाम तक चलता रहा।

# ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर लगे भंडारे

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर जिले कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह भण्डारे का आयोजन किया गया। ज्येष्ठ माह के दूसरे मंगलवार पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में आना जाना शुरू हो गया। शहर स्थित राम जानकी मंदिर, रेलवे गंज हनुमान मंदिर, बिलग्राम चुंगी स्थित बजरंग बली मंदिर, बालाजी धाम खेतुई सहित विभिन्न मंदिरों पर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। जगह-जगह भंडारों में लोगों ने प्रसाद प्राप्त किया।

ज्येष्ठ के पहले मंगल पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई, जो देर रात तक लगी रहीं। जगह-जगह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भोर होते ही बजरंग बली के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। पूरे जिले में भंडारों का दौर सुबह से देर शाम तक चलता रहा। घरों में भी लोगों ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। सांडी संवाददाता के अनुसार कस्बे में भक्तों द्वारा जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। बस स्टाप हनुमान मंदिर पर शीबू गुप्ता , भरत ने छोला चावल शर्बत, बघौली रोड पर निखिल कुशवाहा, मनोज, शिवम ने पूड़ी सब्जी, मुख्य रोड पर संजीव गुप्ता व दीपू ने बूंदी का प्रसाद भक्तों को वितरण किया। माधौगंज संवाददाता के अनुसार मटियामऊ मार्ग सेलापुर गांव के पास स्थित ज्ञानवती इंटर कालेज के शिक्षकों ने दूसरे बड़े मंगलवार को संचालक सचिन तिवारी ने हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व भोग लगाकर छोला चावल भण्डारा प्रसाद राहगीरों को वितरण किया गया है। इस मौके पर प्रबंधक विवेक कुमार पटेल सदस्य जिला पंचायत, ओमप्रकाश, प्रियांशू तिवारी, दूधनाथ राठौर, अंश मिश्रा, राज पटेल, नत्थू लाल आदि भक्तगण मौजूद रहे।



हनुमान जी की आरती करते महंत। अमृत विचार



सांडी बस स्टाप हनुमान मंदिर पर छोला चावल वितरित करते भक्त।



बालाजी मंदिर खेतुई में लगी श्रद्धालुओं की लाइन। अमृत विचार



माधौगंज में राहगीरों को प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# बेकाबू डंपर ने ऑटो में मारी टक्कर, कोटेदार की मौत

## हादसे में ऑटो सवार करीब 10 लोग घायल, बस पर चढ़ रहे बुजुर्ग की कुचलकर मौत, आरोपी चालक फरार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बेटी की ससुराल लौट रहा कोटेदार बस पर चढ़ रहा था,उसी बीच मिट्टी से लदा डंपर सीएनजी आटो से टकराते हुए बस में जा घुसा, मंगलवार की दोपहर हुए हादसे में कोटेदार की मौत हो गई, जबकि आटो की करीब 10 सवारियां घायल हो गईं। जिनमें से कुछ सीएचसी टोंडरपुर और कुछ को मेडिकल कालेज रेफर दिया गया। गंभीर रूप से घायल कोटेदार को उसके परिजन हायर सेंटर लखनऊ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

शाहाबाद कोतवाली के हूंसेपुर लुकमान निवासी कोटेदार वेदप्रकाश शुक्ला (65) के चार बेटों सुमित शुक्ला, श्रीप्रकाश शुक्ला, अनुज शुक्ला और अनूप शुक्ला में इकलौती बेटी सोनी है। सोनी की ससुराल बेहटा गोकुल थाने के मियांपुर निवासी प्रदीप के घर में है। बताते हैं कि कोटेदार वेदप्रकाश शुक्ला मंगलवार को कचहरी आकर वापस बेटी की ससुराल पहुंचे, जहां से दोपहर में अपने घर जाने के लिए मियांपुर बस अड्डे पर निजी बस पर सवार हो रहे थे, उसी बीच पीछे से आ रहा मिट्टी से लदा डंपर सीएनजी ऑटो को टक्कर मारते हुए बस में जा घुसा। हादसे में ऑटो सवार करीब 10 लोग घायल हो गए। जबकि बस पर चढ़ रहे कोटेदार वेदप्रकाश शुक्ला बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि बस काफी दूर तक घिसट गई। घायलों को एम्बुलेंस-108 से सीएचसी टोंडरपुर पहुंचाया गया, जहां से वेदप्रकाश को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, लेकिन वहां हालत बिगड़ती देख हायर सेंटर लखनऊ भेज दिया गया। बड़े बेटे श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि वह अपने पिता को एम्बुलेंस-108 से लखनऊ ले जा रहा था, उसी बीच नयागांव के पहुंचते ही उसकी मौत गई। वहीं दूसरी तरफ मियांपुर निवासी विनोद का 15 वर्षीय पुत्र सत्यम, 14 वर्षीय भतीजी शालिनी पुत्री प्रमोद ऑटो से दवा लेने शाहाबाद जा रहे थे। साथ में शालिनी की मां व 10 वर्षीय भाई कुणाल भी ऑटो में सवार थे। सभी हादसे में घायल हो गए। इसके अतिरिक्त 6 और सवारियों के घायल होने की जानकारी हुई है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़। अमृत विचार

## बाइक फिसलने से दो युवक गंभीर रूप से घायल, मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही भी सामने आई। बाइक फिसलने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, लेकिन उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए करीब डेढ़ घंटे तक एंबुलेंस नहीं मिल सकी। इस दौरान घायल सड़क किनारे दर्द से तड़पते रहे। बाद में निजी वाहन की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना सुरसा क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी अंकित वर्मा (24) पुत्र नरेश कुमार अपने रिश्तेदार जय प्रकाश (36) पुत्र नंदू लाल निवासी ग्राम रामापुर सैया थाना लोनार के साथ बाइक से बिलग्राम से सेमरा जा रहे थे। रास्ते में अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

- **करीब डेढ़ घंटे तक एंबुलेंस के इंतजार में सड़क पर तड़पते रहे घायल युवक**

## विद्युत पोल से टकराई कार, पति-पत्नी घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां में तेज रफ्तार कार विद्युत पोल से टकरा गई, हादसे में पति पत्नी घायल हो गए। जिनको सीएससी में भर्ती कराया गया जहां से पत्नी को लखनऊ रेफर कर दिया गया। बड़ा चौराहा निवासी रमन वर्मा अपनी पत्नी प्रियंका सोनी के साथ कानपुर से लौट रहे थे। कटरा-बिल्हौर हाईवे पर पशु चिकित्सालय के सामने कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई।टक्कर इतनी तेज थी कि पोल उखड़कर गिर पड़ा। गनीमत रही कि कार के एयरबैग खुल गए, जिससे दोनों की जान बच गई। मौजूद लोगों ने तुरंत में सीएससी में भर्ती कराया। जहां से पत्नी को चोट आने से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। फिलहाल स्थिति सामान्य है। इस मामले में कोतवाल विद्यासागर पाल ने बताया कि एयरबैग खुलने से हल्की चोट आई है। सीएचसी में भर्ती कराया गया था।

# चकबंदी प्रशिक्षण संस्थान में आग लगने से अभिलेख जले

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** चकबंदी प्रशिक्षण संस्थान में रखे विनिमय अनुपात से जुड़े अभिलेख आग लगने से राख हो गए। इस बारे में सहायक चकबंदी अधिकारी ने पुलिस को तहरीर देते हुए मामला दर्ज कराया है। बक्से में रखे अभिलेखों में आग लगने की बात फिलहाल आसानी से गले नहीं उतर रही है,माना जा रहा है कि इसके पीछे कोई साजिश ज़रूर रही होगी। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

शहर के नुमाइश चौराहा (अटल चौकी) स्थित चकबंदी प्रशिक्षण संस्थान में बक्से में रखे ज़रूरी सरकारी अभिलेख जलने का मामला सामने आया है। सहायक चकबंदी अधिकारी शकील अहमद ने सोमवार को दर्ज कराए केस में कहा है कि 22 अप्रैल को विनिमय अनुपात से जुड़ा कार्य करने के लिए वह ग्राम तुंदवल गए थे। उसी दिन देर शाम वहां से घर वापस लौटे, उसी दौरान चकबंदी कार्यालय में चकबंदी लेखपाल मोहित को तुंदवल से जुड़े ज़रूरी अभिलेख ग्राम के बक्से में रखने को कहा, मोहित ने ही कार्यालय भी बंद किया गया था। उसकी एक चाबी लेखपाल मोहित और दूसरी अनुसेवक रामरानी के पास रहती है। सुबह करीब 9:45 बजे अर्दली सुनील कुमार और लेखपाल मोहित ने बताया कि कार्यालय में आग लग गई है। जिसमें ग्राम ग्राम तुंदवल के अभिलेख जल गए हैं। कार्यालय पहुंचकर देखा कि एक कुर्सी और एक मेज, जिस पर ग्राम ग्राम तुंदवल के आधार वर्ष खतौनी, आधार वर्ष खसरा और जोचअ पत्र (क) रखे हुए थे, जबकि दूसरे अभिलेख पूरी तरह से जले हुए थे, साथ ही बाकी ग्रामों के अभिलेख पूरी तरह से सुरक्षित थे। इस बारे में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और उप संचालक चकबंदी अधिकारी को जानकारी दी गई। जिस तरह से तुंदवल के ज़रूरी अभिलेख जले, उसमें साजिश नज़र आ रही है। पुलिस ने दी गई तहरीर के मुताबिक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।




- **लेखपाल के हाथों बक्से में रखे गए थे विनिमय अनुपात से जुड़े कागज**

चकबंदी प्रशिक्षण संस्थान, हरदोई।

## पिकअप की टक्कर से युवक घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम-सांडी मार्ग पर मंगलवार को तेज रफ्तार पिकअप डाले की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। ग्राम डीएम नाऊ पुरवा निवासी रोहित पुत्र राम दुलारे (22) मंगलवार को बाइक से खेत जा रहा था। बिलग्राम-सांडी मार्ग पर नाऊ पुरवा गांव के पास सामने से तेज गति से आ रही पिकअप डाले ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

# कार की टक्कर से स्कूल से घर जा रही स्कूटी सवार छात्रा की मौत, भाई घायल

संवाददाता, हरदोई, पिहानी

**अमृत विचार।** स्कूल से छुट्टी के बाद छात्रा अपने भाई के साथ स्कूटी से घर जा रही थी,उसी बीच रास्तें में वाजिदनगर के पास पीछे से आ रही वैगन-आर कार ज़ोरदार टक्कर मारते हुए भाग निकली,हादसे में छात्रा की मौत हो गई,जबकि उसका भाई ज़ख्मी हो गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

पिहानी कोतवाली के हुल्लापुरवा मजरा सरेंहजू निवासी रामवीर यादव की 14 वर्षीय बेटी कोमल पिहानी के एक निजी स्कूल में आठवीं की छात्रा थी,उसका छोटा भाई जतिन यादव भी वहीं पढ़ता था। मंगलवार को छुट्टी होने के बाद कोमल भाई जतिन के साथ स्कूटी से घर जा रही थी,रास्तें में जंग बहादुर गंज रोड पर वाजिदनगर के पास पीछे से आ रही वैगन-आर कार स्कूटी में टक्कर मारते हुए भाग निकली,हादसे में दोनों भाई-बहन ज़ख्मी हो गए,उन्हे आनन-फानन वहां से उठा कर सीएचसी पिहानी पहुंचाया गया,जहां पहुंचते ही कोमल की मौत हो गई। रामवीर यादव पंजाब नेशनल बैंक शाखा अयारी के बीसी है और पिहानी में शाखा खोल रखी है। रामवीर के तीन बच्चों में कोमल से एक बड़ी बेटी और एक बेटा जतिन यादव है। हादसे की खबर सुनते ही घर में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस जांच कर रही है।



कोमल की फाइल फोटो।

## जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं 117 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में मंगलवार को कुल 117 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई में प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर भूमिका यादव मौजूद रहीं।

# डीएम ने निजी बस स्टापों के लिए दी गई भूमि का किया निरीक्षण

- **ई-रिक्शा की सघन चेकिंग के साथ निर्धारित रूट पर चलवाने की व्यवस्था करें : डीएम**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के साथ नगरीय क्षेत्र से बाहर देहात कोतवाली के आगे से सीतापुर के लिए तथा एफसीआई गोदाम से आगे लखनऊ के लिए संचालित होने वाली निजी बस स्टापों के लिए दी गयी भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर तथा ईओ, हरदोई को निर्देश दिये कि बस स्टाप के लिए दी गयी भूमि को गम्भीरता से लेते तत्काल प्रभाव से समतल कराये ताकि निजी बसों का संचालन सुचारू से हो सके। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्टेट सुनील कुमार तथा एआरटीओ अरविन्द कुमार सिंह को निर्देश दिये कि नगर क्षेत्र में चलने वाले ई-रिक्शों की सघन चेकिंग करें और निर्धारित रूट पर चलवाने की व्यवस्था करें, जिससे जाम की स्थिति में सुधार आये और अवैध रूप चलने वाले ई-रिक्शों का चालान के विधिक कार्यवाही करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंयक कुंडू, ज्वांट मजिस्टेट, प्रभारी कोतवाली देहात, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों को दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी अनुनय झा। अमृत विचार

# मारपीट कर घायल करने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, हरपालपुर,हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुण्डिया (सतौथा) में छत का लेंटर गिराने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला सहित परिवार के चार सदस्य घायल हो गए हैं।

पीड़ित करन पुत्र स्व. आदित्य कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर मौजूद था, तभी गांव के ही अरुण कुमार, अशोक कुमार, रमेश और सुशीला देवी वहां आए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से करन, उसकी बहन छाया देवी, भाई अजय और माँ नीलम देवी की बेरहमी से पिटाई कर दी। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।




**आयोजन** | मां कात्यायनी शक्तिपीठ पर श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिन

# भगवान राम को ही अपना हीरो बनाएं : जितेंद्र

संवाददाता, शाहाबाद हरदोई

**अमृत विचार।** मोहल्ला दिलेरगंज स्थित मां कात्यायनी शक्तिपीठ पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में आचार्य जितेंन्द्र कृष्ण व्यास जी के श्री मुख से कथा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर मोक्षदायिनी कथा में आरती के पश्चात मंगलाचरण के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की बाल लीलाओं की कथा सुनाई गई।

बताया गया राम की कथा बचपन व पचपन में जीवन को व्यवस्थित तरीके से चलाने की कला को सिखाता है। अतः व्यक्ति को श्री राम को ही अपना हीरो बनाना चाहिए। आज जो तथाकथित बॉलीवुड के हीरो को हमारा युवा समाज अपना आदर्श मानता है लेकिन हमारे अपने आदर्श स्वामी विवेकानन्द, राम जी ने समाज को शिक्षा दी कि राम का राज्य वही है जहां समाज का हर व्यक्ति लाभान्वित हो। कहते भी है दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज्य काहू नहि व्यापा" भगवान श्री राम की कथा में जीवन जीने की कला को सीखना पड़ता है। प्रथम नियम यही बनाये कि प्रातः काल उठकर अपने माता पिता को प्रणाम करने की आदत डालें। श्री सीता राम विवाह प्रसंग में बताया कि राम ब्रम्ह है सीता भक्ति है अतः भक्ति भगवान का मिलन अशोक वाटिका में होता है, लेकिन भगवान को भी भगवान होने का अभिमान त्यागना पड़ता है, तब अशोक वाटिका में प्रवेश मिलता है। इसी के साथ पूज्य व्यास जी ने दशम स्कन्ध में प्रवेश कर परीक्षित को सावधान करते हुए कृष्ण जन्म के साथ ही नन्द महोत्सव की कथा सुनाई। संगीत टोली में चित्रकूट धाम से पधारे रमाकान्त तिवारी, किसन मिश्रा, अंकुश बाजपेयी, आचार्य मंडल में आशीष तिवारी, दीपक शुक्ला, कुलदीप शुक्ला, शांतनु अग्निहोत्री, विकास तिवारी, सुधांशु पांडेय, ऋषभ दीक्षित, विपिन त्रिवेदी, आदित्य पांडेय, शिखर मिश्रा की उपस्थिति रही। मां कात्यायनी शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरी महाराज ने बताया कथा में आकर के कथा श्रवण लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर शैलेंद्र मिश्रा, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सुभाष रस्तोगी, गौरव श्रीवास्तव पीयूष गुप्ता, मधु कश्यप, दुर्गावती शुक्ला, प्रथा मिश्रा आदि भक्त सपरिवार उपस्थित रहे।



कथा व्यास आचार्य जितेंन्द्र कृष्ण।




## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत कनकापुर उबरिया में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। जनपद फर्रुखाबाद से पधारे आचार्य प्रवीण वाजपेयी ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मनोहारी कथा का वर्णन किया। कथा श्रवण करते हुए श्रद्धालु हरे कृष्णा, हरे कृष्णा के जयघोष के साथ भक्ति रस में झूम उठे। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

# प्रधानमंत्री के सोना न खरीदने के सुझाव पर भाजपा विधायक ने की तीखी टिप्पणी

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के पांच मंत्रों में से एक 'साल भर तक सोना न खरीदने की अपील' पर भाजपा विधायक श्याम प्रकाश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आपत्ति दर्ज कराई है। भाजपा विधायक ने फेसबुक अकाउंट पर सवाल किया है कि कोई बता दे कि 'क्या मंगलसूत्र और सोने के गहनों के हिंदू शादी हो सकती है?' विधायक ने इस बारे में एक साल तक शादी पर रोक लगाने का सुझाव दिया है।

बता दें कि गोपामऊ से भाजपा विधायक श्याम प्रकाश अपनी तीखी टिप्पणी के लिए जाने जाते है,उनके सवाल सीधे अपनी ही सरकार से होते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो पांच मंत्र दिए उनमें एक साल तक सोना न खरीदने वाली बात पर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही भाजपा विधायक की तीखी टिप्पणी ने सियासी गलियारों में बहस छेड़ रखी है। उन्होने फेसबुक अकाउंट पर लिखा है कि उन्होंने डीजल और पेट्रोल की बचत करने वाले मंत्र पर अमल करते हुए इलेक्ट्रानिक गाड़ी खरीदने की सोंच रहें हैं,लेकिन सोना न खरीदने पर कहा है कि दिसंबर में उनके बेटे की शादी है,उन्हे डर है कि कहीं सोने के ज़ेवर के बगैर उनके बेटे की बारात वापस न कर दी जाए?, भाजपा विधायक ने विवाद बढ़ने पर अपनी पोस्ट डिलीट कर दी है, लेकिन उससे पहले पोस्ट वायरल हो गई।




प्रधानमंत्री के सुझाव के जवाब में भाजपा विधायक श्याम प्रकाश द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट।

## न्यूज ब्रीफ

### 34 दिन बाद जिंदगी की जंग हारा घायल छात्र

**सीतापुर, अमृत विचार।** आंधी-तूफान के दौरान पेड़ गिरने से गंभीर रूप से घायल हुए छात्र आदित्य यादव (20) की इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्र की मौत की खबर मिलते ही उसके गांव गुरसंडा में शोक की लहर दौड़ गई। पिसावां थानाक्षेत्र का गुरसंडा निवासी आदित्य अपनी स्कूटी से कोचिंग जा रहा था। कुतुब नगर मार्ग पर नेवादिया गांव के पास अचानक एक आम का पेड़ उनकी स्कूटी पर गिर गया था। हादसे में आदित्य की हड्डी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थी। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। करीब 34 दिनों तक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझने के बाद सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।

### करंट की चपेट में आने से किसान झुलसा

**सीतापुर, अमृत विचार।** रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम नेरी में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा एक किसान हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। बताते हैं कि नेरी निवासी 45 वर्षीय राम कुमार गांव के बाहर स्थित एक बाग में आम तोड़ने गया था। बताते हैं कि इसी दौरान ऊपर से गुजरी हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। हादसा होता देख खेत में काम कर रहे लोगों के बीच चीख पुकार मच गई। गंभीर अवस्था में रामकुमार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पेड़ों के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइनें आए दिन हादसों को दावत दे रही हैं, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। कई बार इसकी शिकायत भी की जा चुकी है।

# ट्रैक्टर-बाइक भिड़ंत में 2 की मौत

## मिश्रिख-नैमिष मार्ग पर हुआ हादसा, एक युवक की हालत गंभीर

संवाददाता सीतापुर


हादसे के बाद खंती में पलटा ट्रैक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के सीतापुर-हरदोई मार्ग पर दोपहर ट्रैक्टर और बाइक की भीषण भिड़ंत हो गई। दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा पलटा। इमलिया सुल्तानपुर के ग्राम नटौरा निवासी कपिल (24) अपने भाई के साथ बाइक से एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। वहीं, ग्राम बर्मी निवासी मोहित (20) अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर-टैंकर लेकर खेतों में कीटनाशक छिड़काव कर वापस लौट रहा था। कर्मसेपुर गांव के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से दोनों मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## जमीनी विवाद में अधेड़ को लोहे की रॉड से पीटा

**संवाददाता लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला काजी टोला में जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। काजी टोला निवासी मोहम्मद कलीम (45) पुत्र अब्दुल सत्तार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि जमीनी रंजिश के चलते विगत मोहल्ले के ही रमजान, निजाम, आरिफ और जहीदा ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि इन लोगों ने पहले गंदी-गंदी गालियां दीं और फिर जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में कलीम को काफी चोटें आई हैं। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बड़े मंगल पर उमड़ा आस्था का सैलाब


लहरपुर में भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरित करते पूर्व विधायक सुनील वर्मा।

**अमृत विचार टीम, सीतापुर।** ज्येष्ठ माह के दूसरे अवसर पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े मंगल पर भण्डारों का आयोजन हुआ। शहर में एनसीसी चौराहा, जीआईसी चौराहा, बस अड्डा, लालबाग चौराहा सहित अन्य स्थानों पर आयोजन हुए। सेवता-रेउसा मुख्य मार्ग पर आयोजित भंडारे में राहगीरों और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में राहगीरों, किसानों और स्थानीय निवासियों को पूड़ी, सब्जी, हलवा, बूंदी और छोले-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। उधर, लहरपुर में पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने बच्चों के बीच प्रसाद वितरित किया।

### हत्यारोपी भाई को जेल, जुर्म कुबूला

**बिसवां, सीतापुर।** कोतवाली पुलिस ने बालक की हत्या के मामले में आरोपी चचेरे भाई को जेल भेज दिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने हत्या के पीछे का कारण कुकर्म का प्रयास बताया है। घटना बिसवां कोतवाली क्षेत्र की है। 8 मई की शाम ग्राम शहरी सराय निवासी 12 वर्षीय बालक की हत्या कर दी गई थी। मामले में शक के आधार पर मृतक के चचेरे भाई मुदस्सिर को हिरासत में लिया। पूछताछ के बीच आरोपी युवक ने कुकर्म के प्रयास की बात स्वीकार की। पुलिस का दावा है कि प्रयास के बाद बालक की हत्या कर दी गई। आरोपी को जेल भेजा गया है।

### दबंगों के डर से भटक रही पीड़िता


धरना स्थल पर अनशन पर बैठा परिवार। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम अहलादपुर निवासी एक महिला ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर कुछ दबंगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता सावित्री का कहना है कि पुलिस द्वारा सुनवाई न किए जाने के कारण उसका परिवार दहशत में है। पीड़िता के मुताबिक, पीड़िता का भाई अखिलेश और सौरभ घर आ रहे थे। आरोप है कि रास्ते में कुछ दबंगों ने अपनी कार से उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। बाद में जमकर मारपीट भी की गई। सावित्री ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा यदि एक सप्ताह के भीतर एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वह आमरण अनशन पर बैठने को विवश होगी।


नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते आरक्षी साथ में पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### सदरपुर थाने में नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण

**सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस व्यवस्था को आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना सदरपुर में नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन किया। एसपी ने नवनियुक्त महिला आरक्षियों से फीता कटवाकर मिशन शक्ति केंद्र, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना और हवालात का शुभारंभ कराया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र के शुरू होने से महिलाओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण होगा और कार्य प्रबंधन में सुगमता आएगी। उन्होंने महिला आरक्षियों को पूरी निष्ठा के साथ कर्तव्य पालन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के उपरांत ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगलवार के अवसर पर एसपी व एएसपी दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह ने पुलिस परिवार के साथ आम जनमानस को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थानगांव, महमूदाबाद, बिसवां व सदरपुर सहित क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## नवीनगर में मिनी ओपन जिम शुरू

**लहरपुर/सीतापुर।** ग्रामीण अंचलों में युवाओं के बेहतर स्वास्थ्य और खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम नवीनगर में 'भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति ग्रामीण मिनी ओपन जिम' का उद्घाटन किया गया। जूनियर हाईस्कूल के समक्ष स्थापित इस जिम का शुभारंभ क्षेत्रीय ग्राम विकास अधिकारी वीडीओ धीरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि इस ओपन जिम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और बच्चों को शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क है, जहां आधुनिक उपकरणों की सहायता से ग्रामीण अपना शरीर चुस्त-दुरुस्त रख सकेंगे। इस मौके पर सरवर अली, ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

## सांसदों के आवास का घेराव कर जताया विरोध, दी चेतावनी

- महिला बिल आरक्षण को लेकर फूटा महिलाओं का गुस्सा

**सीतापुर, अमृत विचार।** संसद में नारी शक्ति को मिलने वाले 33 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर महिलाओं का आक्रोश सड़क पर देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सांसद सीतापुर और धौरहरा के आवास का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाएं सबसे पहले लोहार बाग स्थित सीतापुर सांसद राकेश राठौर के आवास पर पहुंचीं और विरोध दर्ज कराया। इसके उपरांत धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया के आवास का घेराव किया गया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने अपनी कुटिल नीतियों के चलते नारी शक्ति को संवैधानिक अधिकार दिलाने वाले बिल के मार्ग में बाधा उत्पन्न की है। प्रदर्शन के दौरान जया सिंह, इंदू सिंह, कंचन प्रभा पांडे, कुसुम सिंह, शालिनी लोधी, नीतू श्रीवास्तव, गीता मिश्रा और सावित्री देवी सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

**सांसद और पुलिस में हुई नोक-झोंक**

सांसद आनंद भदौरिया और पुलिस के बीच तीखी नोकझोक हुई। सांसद ने कहा कि आप एजेंट बनकर महिलाओं को लेकर आए हैं। हमला कराने लाए हैं। अगर कुछ हो गया, तो इसका जवाब कौन देगा।

### वांछित हिस्ट्रीशीटर 'नंदा' गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में हिस्ट्रीशीटर। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कमलापुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगेस्टर एक्ट में वांछित शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त इलाके का चिन्हित अपराधी है, जिसके विरुद्ध सीतापुर सहित लखनऊ और हरदोई में भी मुकदमे दर्ज हैं। क्षेत्राधिकारी सिधौली विशाल गुप्ता के मुताबिक थाना प्रभारी कमलापुर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम दीक्षित पुरवा के पास घेराबंदी कर नरेंद्र कुमार उर्फ नंदा पुत्र मेवालाल को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वह गिरोह बनाकर चोरी, नकबजनी और लूट जैसे संगीन अपराधों को अंजाम देता था। आरोपी के विरुद्ध सीतापुर, लखनऊ कमिश्नरेट और हरदोई के विभिन्न थानों में करीब 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं।


धरनास्थल पर धरना देते प्रदर्शनकारी। अमृत विचार

### मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर, अमृत विचार।** बहुजन मुक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन के प्रथम चरण के तहत प्रदर्शन किया। स्मार्ट मीटर निजी कंपनियों के फायदे के लिए थोपे जा रहे हैं, जो काफी तेज चलते हैं और उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। पार्टी ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर की जगह पारदर्शी मीटर लगाए जाएं, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 400 रुपये और पेट्रोल-डीजल के दाम कम किए जाएं। पार्टी के जिला पदाधिकारियों ने बताया कि यह आंदोलन तीन चरणों में चलेगा। 12 मई को स्मार्ट मीटर के विरोध में 'लालटेन भेंट' प्रदर्शन के बाद, 20 मई को रसोई गैस की कीमतों के खिलाफ 'चूल्हा जलाओ' और 31 मई को पेट्रोल-डीजल की महंगाई के विरोध में 'दे धक्का' आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष तेज नारायण, रमाकांत, राम अवतार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना

**सीतापुर, अमृत विचार।** सुंदर नगर कॉलोनी में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शातिर चोर घर से नकदी और जेवरात समेट ले गए। पूरी घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें नकाबपोश चोर नजर आ रहे हैं। कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी पीड़िता रवीना शर्मा के अनुसार, 11 मई की रात वह परिवार सहित एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। घर बंद था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोर अंदर दाखिल हुए और अलमारी खंगाल डाली। जब परिवार वापस लौटा तो सामान बिखरा मिला। घर से चोर चांदी की चेन, पायल और करीब पांच हजार रुपये नकद ले गए हैं।

## फीस के लिए छात्र को परीक्षा से रोका, शिकायत

**सीतापुर, अमृत विचार।** खगसिया मऊ स्थित एक कॉलेज में फीस बकाया होने के कारण बीएससी तृतीय वर्ष के एक छात्र को प्रवेश पत्र एडमिट कार्ड न देने का मामला सामने आया। प्रवेश पत्र न मिलने के कारण छात्र सुभाष की परीक्षा छूट गई, जिसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने जिलाधिकारी से इस मनमानी की शिकायत की है। मिश्रिख के इब्राहिमपुर निवासी छात्र सुभाष ने बताया कि उसकी करीब 15 हजार रुपये फीस बकाया थी। मां के कैंसर पीड़ित होने और आर्थिक तंगी के चलते वह समय पर भुगतान नहीं कर सका था। आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने मानवीय आधार को दरकिनार कर उसे परीक्षा में बैठने से रोक दिया। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि उन्होंने प्रबंधन से वार्ता की, लेकिन कॉलेज प्रशासन पूरी फीस जमा होने तक एडमिट कार्ड न देने पर अड़ा रहा। संगठन ने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. व उच्च शिक्षा अधिकारियों से छात्र का भविष्य बचाने और उसे परीक्षा में शामिल कराने की मांग की है।

## सीडीओ ने परखीं स्वास्थ्य सेवाएं, गंदगी देख बिफरीं

**सीतापुर, अमृत विचार।** सीडीओ डॉ. दीक्षा जोशी ने दोपहर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उनके अचानक पहुंचने से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में फैली गंदगी देख उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। सीडीओ ने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, ब्लड बैंक, आयुष्मान काउंटर और नेत्र शिविर का जायजा लिया। वार्डों में गंदगी देख उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि मरीजों को स्वच्छ वातावरण देना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एक्सरे और सीटी स्कैन मशीनों के रखरखाव की भी जानकारी ली और खराब व्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. आर.के. सिंह भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि इससे पूर्व जिलाधिकारी राजा गणपति आर भी सुधार के निर्देश दे चुके हैं, लेकिन व्यवस्थाएं जस की तस बनी हुई हैं। सीडीओ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए।

### फर्जी मेडिकल रिपोर्ट बनाने की शिकायत

**सीतापुर, अमृत विचार।** खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम घासीपुर निवासी श्रीदेवी ने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. को प्रार्थना पत्र देकर अस्पताल के डॉक्टरों पर फर्जी मेडिकल रिपोर्ट बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में श्रीदेवी ने बताया कि गांव के ही मनोज कुमार ने अस्पताल के डॉक्टरों से मिलीभगत कर अपनी वर्ष 2015 की पुरानी चोट को वर्तमान का दिखाकर फर्जी रिपोर्ट तैयार कराई है, ताकि प्रार्थिनी के परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इंद्र सिंह का कहना है कि मनोज कुमार का एक्स-रे 19 जनवरी 2024 को किया गया था, जिसमें कुछ फ्रैक्चर पाया गया था। फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी।

### नैपियर घास उत्पादन के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीतापुर, अमृत विचार।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एमपी सिंह चन्देल ने बताया कि जनपद में नैपियर घास की जड़ें रूट स्लिप उपलब्ध कराने की योजना के तहत लाभार्थियों का चयन किया जाना है। इस योजना का लाभ पंजीकृत गौशालाएं, प्रगतिशील किसान, स्वयं सहायता समूह, एफपीओ और ग्राम समाज की भूमि प्रबंधन समितियां उठा सकती हैं। योजना के तहत लाभार्थी के पास न्यूनतम 0.2 हेक्टेयर सिंचित भूमि होनी चाहिए। चयन में उन ग्राम पंचायतों और गौशालाओं को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही, किसान श्रेणी में अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला मुखिया परिवारों को वरीयता मिलेगी। चयनित लाभार्थियों को प्रथम वर्ष में नैपियर की जड़ें निःशुल्क दी जाएंगी। इसके अलावा खेत की तैयारी, खाद और सिंचाई के लिए 20 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान सहायता दो किस्तों में प्रदान की जाएगी। इच्छुक पात्र व्यक्ति आधार कार्ड, भूमि के स्वामित्व का प्रमाण खसरा/खतौनी और बैंक पासबुक की स्व-प्रमाणित छायाप्रति के साथ विकास खंड स्तर के पशु चिकित्सालय में आवेदन कर सकते हैं।

## सार्थक प्रयास: महोली-बड़ागांव से दिल्ली के लिए बस सेवा शुरू

**महोली/सीतापुर।** ग्रामीण इलाकों के यात्रियों को रोडवेज ने सौगात दी। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने महोली-बड़ागांव मार्ग से दिल्ली के लिए सीधी सरकारी बस सेवा को मंजूरी दे दी है। इस पहल से क्षेत्र के लगभग 50 गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। रोडवेज बस सीतापुर से कचनार, इमलिया सुल्तानपुर, मस्जिद बाजार, बड़ागांव और महोली होते हुए दिल्ली तक का सफर तय करेगी। बताते हैं कि इस मार्ग पर सरकारी बस न होने के कारण निजी बसों में होने वाली जोखिम भरी यात्रा का मुद्दा डीएम और परिवहन मंत्री के समक्ष उठाया था। 9 मई को जब रोडवेज की बस पहली बार बड़ागांव पहुंची तो ग्रामीणों ने उत्साह के साथ इसका स्वागत किया। लोगों ने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. का आभार जताया है। उधर, यूपीएसआरटीसी के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर सीतापुर डिपो की यह बस सेवा ग्रामीण क्षेत्रों को दिल्ली से जोड़ने के लिए शुरू कर दी गई है।



गंतव्य के लिए रवाना होती रोडवेज बस। अमृत विचार

## कन्या भोज व गो सेवा संग मनाया बड़ा मंगल

**कमलापुर/सीतापुर।** विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत हमीरपुर स्थित गौशाला में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौशाला की केयरटेकर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ हुआ, जिसमें केयरटेकर ने कन्याओं को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात 'गो-सेवा' के संकल्प के साथ गौशाला में संरक्षित गायों को ककड़ी, खीरा और तरबूज जैसे मौसमी फल खिलाए गए। भीषण गर्मी में गायों के लिए की गई इस व्यवस्था की ग्रामीणों ने सराहना की। कहा गया कि गो सेवा से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य का नहीं हो सकता। इसलिए सभी को गो सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विद्याधर पांडे, सचिव वंदना भारती, शिवकुमार पटेल, जेई विवेक कुमार, क्रेता मुकेश पांडे और वीर बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


खेतों के आसपास झूलते बिजली के तार। अमृत विचार

### मानपुर में लटकते तार दे रहे हादसों को दावत

**औरंगाबाद, सीतापुर।** मानपुर में बिजली के झूलते तार ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बने हुए हैं। जमीन के बेहद करीब लटक रहे इन तारों से कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है, लेकिन शिकायत के बाद भी विद्युत विभाग लापरवाह बना हुआ है। ग्रामीण पराग सिंह ने बताया कि गांव से निकली विद्युत लाइन काफी नीचे आ गई है, जिससे आवागमन के दौरान अनहोनी की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों में दहशत इसलिए भी अधिक है क्योंकि बीते दिनों इसी गांव से महज एक किलोमीटर दूर बेलहरी में करंट लगने से एक युवक संदीप की दर्दनाक मौत हो गई थी। उस हादसे के बाद भी विभाग सबक नहीं ले रहा है। जेई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है। सड़क किनारे खुदाई के दौरान पोल लचक जाने के कारण केबल नीचे आ गई है। जल्द ही नया पोल लगवाकर तारों को कसवा दिया जाएगा।


जन चौपाल के दौरान उपस्थित ग्रामीण। अमृत विचार

### जन चौपाल के सहारे समस्याओं का निस्तारण

**लहरपुर, सीतापुर।** ग्राम पंचायत मकनपुर में सरकार की सेवाओं को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम, प्रशासन आपके द्वार के तहत जन चौपाल का आयोजन उप जिलाधिकारी धामिनी एम दास की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल में राशन कार्ड, वृद्धावस्था व विधवा पेंशन और पीएम किसान सम्मान निधि से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। इस मौके पर ग्रामीणों ने अपनी अपनी शिकायतों के समाधान के लिए 16 प्रार्थना पत्र दिए जिसमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में यूनिट को जोड़ा जाना एवं फॉर्मर रजिस्ट्री वितरित की गई। चौपाल में शैलेंद्र कुमार सिंह, कविता वर्मा, अशोक यादव, शुभम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### पहली पत्नी ने रुकवाई पति की दूसरी शादी

**लहरपुर, सीतापुर।** नगर के एक निजी मैरिज पैलेस में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक दूल्हे की पहली पत्नी ने बारात में पहुंचकर उसकी पोल खोल दी। जालसाजी और धोखाधड़ी कर दूसरा विवाह करने जा रहे दूल्हे और उसके परिवार के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। लहरपुर के मतुवा सोरैय्या निवासी इंद्रबली ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री अंजलि का विवाह राजेश कुमार निवासी ग्राम ढकवा (प्रतापगढ़) के साथ तय किया था। आरोप है कि शादी के नाम पर आरोपियों ने दहेज में 8 लाख रुपये नकद और करीब 6 लाख के जेवर व सामान पहले ही ले लिए थे। रविवार को जब बारात लहरपुर आई तभी राजेश की पहली पत्नी शांति देवी निवासी गोसाईगंज वहां पहुंच गई। उसने साक्ष्यों के साथ बताया कि राजेश पहले से ही विवाहित है।

## डीएम से शिकायत के बाद वापस हुई रिश्वत

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** बाढ़ और कटान प्रभावित ब्लॉक रामपुर मथुरा क्षेत्र में बैंकिंग सेवाएं बिचौलियों के चंगुल में फंसी नजर आ रही हैं। ताजा मामला भगौतीपुर स्थित बैंक का है जहां मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत ऋण दिलाने के नाम पर एक युवक से वसूली का आरोप लगा है। कितूरी निवासी राकेश कुमार के मुताबिकडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसने अक्टूबर 2025 में ऋण के लिए आवेदन किया था। बैंक के सफाईकर्मी ने उससे पांच हजार रुपये की मांग की और ढाई हजार ऑनलाइन ले लिए। आरोप है घूस लेने के बाद शाखा प्रबंधक ने नियमों का हवाला देकर आवेदन निरस्त कर दिया। जब पीड़ित ने इसकी शिकायत डीएम से की तो आरोपी ने ऑनलाइन माध्यम से पैसे वापस कर दिए। शाखा प्रबंधक रोहित पाण्डेय का कहना है सफाईकर्मी निजी तौर पर सफाई का कार्य करता है। उन्होंने आवेदक के सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि राकेश ने फर्जी प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आधार पर आवेदन किया था और दबाव बनाकर लोन स्वीकृत कराना चाहता था।

## डीएम ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

- शून्य प्रसव कराने वाली आशाओं के खिलाफ होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और व्यवस्थाएं सुधारने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी और कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करें। बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने वालों पर कार्रवाई होगी। डीएम ने प्रसव सुविधाओं पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि पिछले छह माह में 'शून्य प्रसव' कराने वाली आशाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही, जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारने के लिए सीएमएस और हॉस्पिटल मैनेजर को चेतावनी दी गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी और सीएमओ अनूप श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शादी समारोह में गए परिवार के घर में चोरी

**ऊंचाहार, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कंदरावां गांव में एक घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित गोविंद प्रसाद पुत्र स्व. राम अधार ने इस संबंध में पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि वह बीते रविवार की रात पूरे परिवार के साथ गांव में मोतीलाल घर से एक शादी समारोह जब देर रात परिवार वापस घर लौटा, तो घर का मुख्य दरवाजा खुला था। कमरे के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और एक छोटा बक्सा गायब था। जिसमें रखा सारा कीमती सामान और नगदी गायब थी। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच और चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### पत्नी नकदी व जेवर लेकर फरार

**शिवगढ़ (रायबरेली) :** थाना क्षेत्र के गाउ घाट चौराहा मजरे मझिगवां निवासी रामेश्वर ने पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। रामेश्वर का कहना है कि वह 7 मई को बरियारपुर स्थित भुईयारें बाबा मेले में दुकान लगाने गया था। इसी दौरान उसकी पत्नी घर से बिना बताए चली गई। आरोप है कि वह घर में रखे 20 हजार रुपये नकदी और रोजमर्रा के जेवरात भी साथ ले गई। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी गई है।

### किशोरी के विवाह की सूचना पर रुकी शादी

**बछरावां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रामपुर सुदौली स्थित भंवरेश्वर मंदिर सेवा समिति को एक प्रार्थना पत्र देकर नाबालिग किशोरी का विवाह कराए जाने की आशंका जताई गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि करीब 15 वर्षीय किशोरी का विवाह आर्थिक तंगी के चलते तय किया जा रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर मंदिर समिति से हस्तक्षेप कर शादी रुकवाने की मांग की गई। सूचना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। मंदिर समिति ने मामले को गंभीर बताते हुए अधिकारियों को अवगत कराया। थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि दोनों परिवारों को समझाने के बाद बालिग होने तक विवाह रोकने पर सहमति बन गई है।

### पसलियों में चोट लगने से हुई व्यक्ति की मौत

**सरेनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पूरे शुकुरू गांव के रहने वाले अरुण कुमार पुत्र चुन्नू लाल की मौत पसलियों में गंभीर चोट लगने से हुई थी। जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। मंगलवार को पुलिस की देखरेख में उसके शव का निसगर घाट में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की पत्नी ने चार लोगों को नामजद करके पुलिस को दूसरी तहरीर दी है। इस संबंध में कोतवाल रमेश चंद्र यादव का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पसलियों के टूटने से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई है। मामला संदिग्ध प्रतीत होता है।

### नाली निर्माण को लेकर हुई मारपीट

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के बेनीकोपा मजरे बेनीकामा गांव निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोसियों के साथ नाली निर्माण को लेकर पहले विवाद हुआ था। सोमवार को नाली निर्माण का कार्य शुरू कराया जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान विपक्षी पक्ष के लोग वहां पहुंच गए और निर्माण कार्य का विरोध करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी लोगों ने उनके पुत्र त्रेयांस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज कराया गया।

# घर से 15 लाख रुपये के जेवरात चोरी से मचा हड़कंप

**महराजगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे पनऊ बलीपुर मजरे कुसमहुरा गांव में सोमवार की रात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। छत के रास्ते घर में घुसे अज्ञात चोरों ने किसान के सूने घर को निशाना बनाते हुए तीन बहुओं के करीब 15 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया।

पीड़ित किसान राम प्रसाद यादव अपनी पत्नी शिव दुलारी के साथ कोटवा मोहम्मदाबाद स्थित अपनी ससुराल में तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर उनके तीनों बेटे और बहुएं मौजूद थीं, जो दरवाजे सो रहे थे। बेटे सुरेंद्र के मुताबिक रात करीब 12 बजे घर के पिछले हिस्से से खटपट की आवाजें सुनी तो भागकर पीछे पहुंचे, वहां देखा तो पीतल का बटुआ पड़ा मिला। अंदर जाकर देखा तो घर के कमरों और जीने के दरवाजों के ताले टूटे हुए थे और अलमारी में रखे तीनों बहुओं के कीमती जेवरात, जिनकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये है, गायब थे। घटना के बाबत रात में ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया मामले की जानकारी मिली है।

# डीएम ने समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**संवाददाता, रायबरेली**

**सख्ती**

- कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क परियोजनाओं हेतु भूमि अधिग्रहण की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अमृत विचार।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, मुआवजा वितरण, अवरोधों तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराया जाए, ताकि परियोजनाओं के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि किसानों एवं प्रभावित व्यक्तियों को शासन की मंशा के अनुरूप नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत लंबित मामलों की


विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम सरनीत कौर ब्रोका। अमृत विचार

समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की भी समीक्षा की गई व यूपीडा को निर्देशित किया गया कि चिन्हित की गई सड़कों को समयबद्ध रिस्टोर कराया जाए, यूपीडा से चिन्हित सड़कों की कार्ययोजना प्राप्त कर ली जाए, सड़कों की मरम्मत होने के पश्चात संबंधित उप जिलाधिकारी व अधिशासी अभियंता से ज्वॉइंट सर्वे करा कर यह सुनिश्चित करा लिया जाए कि मानक के अनुरूप सड़कों की मरम्मत कर दी गई है।

कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, संबंधित उप जिलाधिकारी, एनएचएनआई, यूपीडा, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

▶ आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो अभियुक्त घायल, हथियार व लूट का माल बरामद

**बछरावां (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में बीते दिनों बाइक सवार दंपति से लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। थाना बछरावां पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में दोनों अभियुक्त पुलिस फायरिंग में घायल हुए हैं। उनके कब्जे से अवैध हथियार, नकदी, जेवरात और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 11 मई की रात थाना बछरावां पुलिस शारदा नहर


घायल को अस्पताल ले जाते पुलिस कर्मी।

पुलिया के पास शिवगढ़ रोड पर संदिग्ध वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सफेद अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया। पीछा किए जाने पर खुद को घिरता देख अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के बाएं पैर में गोली लगी। घायल अभियुक्तों की पहचान सोनू उर्फ शिवसहाय सिंह निवासी प्रतापगढ़ तथा चंद्रशेखर केसरवानी उर्फ गोलू निवासी अमेठी के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने 6 मई को करनपुर गांव के पास बाइक सवार दंपति से लूट की घटना स्वीकार की। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक पिस्टल, एक तमंचा, जिंदा कारतूस, जेवरात व करीब 20 हजार रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ प्रदेश के कई जनपदों में पहले से दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### अवैध कब्जा हटाने गई टीम पर हमला, वापस लौटी

**बछरावां (रायबरेली), अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बन्नावां गांव में अवैध कब्जा करने की शिकायत पर जांच के लिए पहुंची टीम के ऊपर आरोपियों ने हमला कर दिया। जान बचाकर टीम बैरंग वापस लौट गई। गांव में हुई वारदात से हड़कंप मच गया। मामला क्षेत्र के बन्नावां गांव से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है यहां पर ग्राम समाज की जगह पर गांव के ही कुछ दबंगों ने ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर रखा है। शिकायत पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने जब वहां पहुंचकर जांच करना शुरू किया इसी दौरान और दबंग साहब शरण यादव व उसके अन्य साथियों ने उक्त टीम पर हमला कर दिया। बताते हैं कि किसी तरह जान बचाकर टीम मौके से भाग निकली। आरोपियों द्वारा किए गए राजस्व टीम की हमले को लेकर पूरे गांव में चर्चा रही। इस बारे में उपजिलाधिकारी महराजगंज चंद्रप्रकाश गौतम ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने की शिकायत पर राजस्व टीम मौके पर पहुंची थी, परंतु संख्या कम होने की वजह से टीम को वापस लौटना पड़ा। उन्होंने बताया कि पुलिस बल के साथ राजस्व टीम को मौके पर पहुंचकर उक्त अवैध निर्माण को ढहा दिया जाएगा।

### तीसरी बार टीन काटकर दुकान से चोरी

**डलमऊ, अमृत विचार।** क्षेत्र के जोहवा नटकी गांव में अज्ञात चोरों ने एक बार फिर किराना दुकान को निशाना बनाकर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। सोमवार रात चोर दुकान के पीछे की टीन काटकर अंदर घुसे और 20 से 25 हजार रुपये का सामान लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान पहुंचने पर दुकानदार रामक्षत्र विश्वकर्मा को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। दुकानदार ने बताया कि इससे पहले भी उसकी दुकान में दो बार चोरी हो चुकी है, लेकिन पुलिस ने मामलों को गंभीरता से नहीं लिया। लगातार तीसरी बार हुई चोरी से क्षेत्र में पुलिस गश्त पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना में किसी परिचित व्यक्ति का हाथ हो सकता है। पीड़ित ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### झोलाछाप की दवा से युवती की मौत का आरोप

**महराजगंज, अमृत विचार।** क्षेत्र के लोधवामऊ गांव में झोलाछाप द्वारा दवा दिए जाने से 21 वर्षीय युवती की मौत का मामला प्रकाश में आया है। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार लोधवामऊ निवासी मिथलेश मौर्य की पुत्री सारिका को मंगलवार तड़के अचानक पेट में तेज दर्द उठा। आनन-फानन में परिजन उसे पास ही रहने वाले एक झोलाछाप के पास लेकर पहुंचे। आरोप है कि झोलाछाप ने युवती को पेट दर्द की दवा दी, जिसे खाने के कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। युवती की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चुरी में रखवा दिया। मृतका के पिता मिथलेश का आरोप है कि झोलाछाप ने गलत दवा दी, जिसके कारण उसकी बेटी की जान चली गई। इस संबंध में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### ऊंचाहार में 12 लेखपालों के कार्यक्षेत्र बदले

**ऊंचाहार, अमृत विचार।** तहसील प्रशासन में कसावट लाने और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी विवेक राजपूत ने लेखपालों के कार्यक्षेत्र में व्यापक फेरबदल किया है। जारी किए गए आधिकारिक आदेश के अनुसार, तहसील के कुल 12 लेखपालों के हल्कों में बदलाव किया गया है। एसडीएम ने बताया कि तहसील में लेखपालों की कमी के कारण कुछ लेखपालों के पास तीन से अधिक क्षेत्रों का प्रभार था, जिससे शासकीय कार्यों में अनावश्यक देरी हो रही थी। जनहित को ध्यान में रखते हुए यह समायोजन तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जिसमें पुष्पेन्द्र कुमार सोनकर को मिर्जापुर ऐहारी व कमालपुर का प्रभार दिया गया है। आदित्य कुमार सिंह को ऊंचाहार मुख्यालय के साथ खोजनपुर और धोबहा की जिम्मेदारी मिली है। राहुल त्रिवेदी अब जगतपुर और टांघन का कार्य देखेंगे। प्रमोद कुमार गुप्ता को मवई क्षेत्र में तैनात किया गया है। अनुभव सिंह को बिकई के साथ तहसील कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। इसके अलावा रविकान्त केसरवानी (ऐहारी बुजुर्ग), सचिन पटेल (रामसाण्डा), दीपक गर्ग (कुसुमी प्रभार), अज तिवारी (कमोली प्रभार), उदित जायसवाल (उण्डवा प्रभार), अमरेश कुमार (रामगढ़ टिकरिया प्रभार) और रुपेश कुमार मौर्य (पट्टीरहस कैथवल प्रभार) के कार्यक्षेत्रों में भी संशोधन किया गया है। एसडीएम विवेक राजपूत ने तहसीलदार को निर्देशित किया है कि आदेश का पालन तत्काल सुनिश्चित कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी स्थानांतरित लेखपालों को अपने नए तैनाती स्थलों का कार्यभार तत्काल संभालने का निर्देश दिया गया है।

### महिला की मौत के मामले में ससुरालीजनों पर केस

**महराजगंज।** चंदापुर थाना क्षेत्र के ग्राम ओलीपुर मजरे समरहदा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर कई वर्षों से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार ससुरालीजनों की प्रताड़ना से परेशान प्रीती ने बीती 7 मई 2026 की रात जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर पति अखिलेश, ससुर रामबहादुर, सास शांति व देवर कमलेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### भंडारे में भक्तों को बांटा छोला-चावल

**रायबरेली, अमृत विचार।** एम्स क्षेत्र के मधुपुरी गांव में बडे मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदर कांड के साथ आचार्य मुकेश तिवारी ने विधि विधान के साथ हवन पूजन कराया। आयोजक पिंकू अवस्थी ने बताया कि दोपहर से शाम तक चले भंडारे मे हजारो की संख्य में लोगों ने छोला, चावल, पूडी सब्जी, बूंदी, केला का प्रसाद वितरण किया गया है। मधुपुरी सुल्तानपुर आइमा, मुंशीगंज, सुलखियापुर सहित भारी संख्या में राहगीरों ने प्रसाद छका। इस मौके पर आनन्द तिवारी, आयुष अवस्थी, बब्लू श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार दीक्षित, जमुना चौरसिया, मन्नत श्रीवास्तव, विनोद अवस्थी, दीपू मिश्रा, नितिन गौड, विजय जीत गौतम मौजूद रहे।

### बड़े मंगल पर जगह-जगह हुआ भंडारा


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

**सलोन।** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरों में सुबह से भोग, पूजन-हवन, आरती के साथ हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ हुआ। इस दौरान भंडारे ने प्रसाद वितरण देर शाम तक चलता रहा। कस्बे के गुरुद्वारा मार्ग पर सतेंद्र रस्तोगी के द्वारा सुंदरकांड के पाठ के साथ छोला चावल प्रसाद वितरण किया गया। सलोन कस्बे के भारतीय स्टेट बैंक मैनेजर सर्वेश कुमार त्रिपाठी, बृजेश सिंह, आशीष सिंह, सुधीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, सचिन सिंह, आशीष श्रीवास्तव, अर्जुन मौर्या के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। यहां पर भंडारे में पूड़ी सब्जी श्रद्धालुओ को वितरित की गई। ग्रामीण क्षेत्र करहिया, कमालगंज, सूची आदि जगहों पर शर्बत, फल आदि प्रसाद वितरित किया गया।

### सुंदर काण्ड व भंडारे का आयोजन

**महराजगंज, अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर पाली गांव के हनुमान मंदिर, मोन चौराहा, हलोर व रायबरेली रोड स्थित हनुमान गढ़ी में अदिति गैस एजेंसी के प्रबंधक डॉ. महेंद्र सिंह के नेतृत्व में सुंदर काण्ड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र की सड़कें व मंदिरों में भक्तिमय वातावरण के साथ जय श्रीराम व बजरंगबली के जयकारों से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, सुनील कुमार शर्मा, ज्ञानप्रकाश जायसवाल, नामित सभासद सूर्य प्रकाश वर्मा, दयाशंकर सिंह, अवधेश मिश्रा, अशोक वर्मा, अनुराग अग्रहरी, अभिषेक पाण्डेय, सुधीर साहू, संतोष मौर्य, रोहित सिंह, अनूप मौर्य, अजय मौर्य समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे

# ट्रक व पिकअप में टक्कर एक युवक की गई जान

**अमावां (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के रतापुर चौराहे के पास मंगलवार को सड़क हादसे में पिकअप में बैठे युवक की मौत हो गई। हादसा फिरोज गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज गेट के सामने हुआ, जहां हाईवे किनारे खड़ी पिकअप में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।


घटना के बाद क्षतिग्रस्त पिकअप।

जानकारी के अनुसार वाहन स्वामी अनीश पिकप सड़क किनारे खड़ी कर अपनी दुकान पर चला गया था, जबकि पिकअप में रेहान पुत्र स्व गुड्डू (19) निवासी बाजी खेड़ा पुरवा, उन्नाव बैठा हुआ था। इसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रहे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहन हाईवे किनारे जा घुसे। हादसे में रेहान गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं ट्रक चालक राकेश यादव को मामूली चोटें आईं। मिल एरिया थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल, दो गंभीर, बछरावां:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां-मौरावा मार्ग पर चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास शेखपुर समोधा चौराहा के निकट एक अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार रितेश सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह निवासी खरझारा बीघापुर जनपद उन्नाव अपनी बाइक से शिवांशी सिंह पुत्री दुर्गेश सिंह एवं शालिनी सिंह पुत्री वीर बहादुर सिंह निवासी संदाना थाना मौरावा जनपद उन्नाव को लेकर बछरावां से वापस संदाना जा रहे थे। वह जैसे ही उक्त घटनास्थल के नजदीक पहुंचे, तभी एक अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आस-पास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार के पश्चात दो लोगों जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# ज्येष्ठ के दूसरे बड़े मंगल पर बांटा शरबत



बड़े मंगल पर शरबत वितरण करते श्रद्धालु।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

**आस्था**

**लालगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** सरस्वती शिशु मंदिर में प्रबंधक कैलाश बाजपेई और प्रधानाचार्य सुरेश पाठक के द्वारा शरबत वितरण किया गया। लालगंज नगर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भंडारे भी आयोजित किए गए, जिनमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्थापक सत्येंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि यह परंपरा बताती है कि हनुमान जी केवल बल-बुद्धि के देवता नहीं, सेवा-समर्पण के भी आदर्श हैं। इस अवसर पर रामशरण अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन सहित आचार्य और बच्चे मौजूद रहे।

**मंगलवार पर रही भंडारे की धूम, ऊंचाहार:** ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगलवार को पूरे क्षेत्र में आस्था का सैलाब उमड़ा। जगह-जगह हनुमान मंदिरों में सुबह से देर शाम तक दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। नगर से लेकर गांव-देहात तक दर्जनों स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। सबसे बड़ा आयोजन नगर के निकाय कार्यालय में हुआ। यहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष ममता जायसवाल के नेतृत्व में सुंदर कांड का पाठ हुआ। जिसके बाद भंडारा शुरू हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण चंद जायसवाल ने बताया कि भंडारे में करीब दो हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पचखरा गांव स्थित हमाम बीर बाबा मंदिर में सुबह से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और पूजा अर्चना की।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

**बड़े मंगल पर सुंदरकाण्ड पाठ व भंडारे में उमड़ी भीड़, रायबरेली:** रायबरेली में निक्स फाउंडेशन के तत्वावधान में बड़े मंगल के अवसर पर चंदापुर कोठी मंदिर के पास हरिकृपा कॉम्प्लेक्स में सुंदरकाण्ड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर हनुमान जी की आराधना की। सुंदरकाण्ड पाठ के बाद भक्तों को छोले-चावल, मीठी बूंदी, शरबत और ठंडे पानी का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में विष्णु गुप्ता, सचिन, मधुकर गुप्ता, आलोक यादव समेत फाउंडेशन के कई सदस्यों ने सेवाएं दीं। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भक्ति, सद्भाव की भावना को समाज तक पहुंचाना है।

**कार्यक्रम**

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह के दौरान समूह नृत्य, रंगोली प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# एम्स निदेशक ने की नर्सों के समर्पण और सेवा-भाव की सराहना

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज एम्स में नर्स सप्ताह मनाया गया। नर्स सप्ताह के समापन पर मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने नर्सों के समर्पण, करुणा और सेवा-भाव की सराहना की, और छात्रों को रोगी की देखभाल में व्यावसायिकता, सहानुभूति और प्रतिबद्धता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस सप्ताह के दौरान कई अन्य गतिविधियां


समारोह में मौजूद निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन व अन्य। अमृत विचार

भी आयोजित की गईं, जिनमें फेस पेंटिंग, बोतल पेंटिंग, समूह नृत्य, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और खेल प्रतियोगिता शामिल थीं।

इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ. प्रबल जोशी, उप निदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल यूएन राय, मेजर अंजना सिंह, प्राचार्य नरेंद्र पाल सिंह चौधरी ने अपने विचार साझा किए।

**अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज डे सेवा, समर्पण और संवेदना का प्रतीक : रमेश दीक्षित, लालगंज:**


समारोह में अतिथि को सम्मानित करते अध्यक्ष रमेश दीक्षित। अमृत विचार

रघुवीर इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज लालगंज में समारोह आयोजित किया गया। चेयरमैन रमेश दीक्षित ने कहा कि हर वर्ष 12 मई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज डे आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती को समर्पित है। इंस्टिट्यूट की प्रबंध निदेशक डॉ. मोनिका मिश्रा ने कहा कि कोरोना काल ने पूरी दुनिया को नर्सों के त्याग और साहस से परिचित कराया। दिन-रात पीपीई किट में, परिवार से दूर रहकर उन्होंने लाखों जिंदगियां बचाईं थी। आज भी अस्पताल का हर वार्ड, हर आईसीयू उनकी निःस्वार्थ सेवा का साक्षी रहता है। इस अवसर पर इंस्टिट्यूट की बालिकाओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष रमेश दीक्षित और प्रबंध निदेशक डॉक्टर मोनिका मिश्रा ने समाज के लोगों को सम्मानित भी किया। वहीं विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी इंस्टीट्यूट की तरफ से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शशांक दीक्षित, शुभ्रा दीक्षित, डॉ. मणिका दीक्षित, डॉ. मणि दीक्षित, राजेंद्र मिश्रा, सरिता गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, अंबुज दीक्षित, प्रेम शंकर मिश्रा, महादेव दीक्षित, नूप पांडे रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन में चार वाहन किए गए सीज

**संग्रामपुर (अमेठी), अमृत विचार:** जनपद में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को थाना संग्रामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं एक ट्रैक्टर मय मिट्टी खुदाई मशीन को सीज कर दिया। थाना संग्रामपुर पुलिस ने क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 3 ट्रैक्टर मय ट्रॉली तथा 1 ट्रैक्टर मय मिट्टी खुदाई मशीन को कब्जे में लिया। वाहन चालकों से खनन अनुमति पत्र एवं संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन कोई भी वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद पुलिस ने सभी वाहनों को सीज कर एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत विधिक कार्रवाई शुरू कर दी सीज किए गए वाहनों में सोलिस एवं स्वराज कंपनी के ट्रैक्टर शामिल हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संजय सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक रामकुमार यादव सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। थाना प्रभारी संजय सिंह द्वारा क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ अवैध खनन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

### ससुर पर अश्लीलता करने का आरोप

**जगतपुर (रायबरेली):** थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने ससुर पर अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मंगलवार को जगतपुर थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि उसका ससुर आए दिन उसके साथ अशोभनीय व्यवहार करता है। पीड़िता का कहना है कि उसने कई बार परिवार के लोगों को भी इस बारे में बताया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने की स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा

**अमेठी, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ग्राम पंचायतों में संचालित स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही शौचालयों की नियमित साफ-सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में ओडीएफ प्लस की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में स्वच्छता मानकों को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा आरआरसी सेंटरों के प्रभावी संचालन पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाकर स्वच्छता अभियान को स्थायी रूप से प्रभावी बनाया जाए।

### सीएचसी में मिलीं अनियमितताएं

**अमेठी, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी के प्रसव कक्ष में भोजन व्यवस्था की हकीकत जानने के लिए जब अमृत विचार की टीम पहुंची, तब वहां कोई भी महिला भर्ती नहीं थी। प्रसव वार्ड में तैनात स्टाफ नर्स ने बताया कि मंगलवार को भी प्रसव के लिए पहुंची गांव निवासी इस्माईलुद्दीन निशा सुबह करीब 10 बजे प्रसव कराने के लिए सीएचसी पहुंची थीं। उनका ऑपरेशन के जरिए प्रसव कराया जा रहा था। नर्स ऑफिसर अंशु समेत अन्य स्टाफ नर्स डॉक्टर के सहयोग से ऑपरेशन में जुटी थीं। महिला के परिजनों ने बताया कि अभी तक नाश्ता या भोजन नहीं मिला है।

# कई गांवों में जल जीवन मिशन के दावे फेल

## पेयजल संकट से लोग बेहाल: पाइपलाइन बिछाने और पानी टंकियों के निर्माण के बावजूद नहीं मिल रहा पानी

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल से जल पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र में सरकारी दावों से काफी अलग नजर आ रही है। कई गांवों में पाइपलाइन बिछाने और पानी टंकियों के निर्माण के बावजूद आज तक लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो सका है। कहीं टंकियों का निर्माण अधूरा पड़ा है तो कहीं पाइपलाइन अधूरी होने से योजना शुरू ही नहीं हो सकी है। क्षेत्र के मड़ौली गांव में सैकड़ों घरों तक पाइपलाइन पहुंचा दी गई है, लेकिन करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों को पानी की एक बूंद तक नसीब नहीं हुई।

ग्रामीणों का कहना है कि योजना का कार्य शुरू होने के बाद उम्मीद जगी थी कि पेयजल संकट से राहत मिलेगी, लेकिन अब तक



शोपीस बनी निर्मित पानी टंकी।

स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसी प्रकार ग्राम सभा ठेंगहा के बबुरी, करनाईपुर, नोनरा और रानीपुर गांवों में लोगों को मजबूरी में खारे पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। वहीं जोगा अमरपुर, भावलपुर, कंसापुर समेत कई गांवों में योजना का लाभ अभी तक नहीं पहुंच सका है।ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट और गंभीर हो गया है। कई परिवार दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाकर दैनिक जरूरतें पूरी करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कर नियमित जलापूर्ति शुरू कराने की मांग प्रशासन से की है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन 2.0 के तहत इस योजना की अवधि वर्ष 2028 तक बढ़ाई गई है और अब केवल ढांचागत निर्माण ही नहीं बल्कि नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके बावजूद संग्रामपुर क्षेत्र के कई गांव के लोग अब भी शुद्ध पेयजल सुविधा से वंचित हैं।

### लाखों की लागत से बना अन्नपूर्णा भवन बना शोपीस, नेवादा कनू में कोटेदार के घर से बंट रहा राशन




बंद पड़ा नेवादा कनू अन्नपुर्णा भवन। अमृत विचार

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र की ग्राम सभा नेवादा कनू में लाखों रुपये की लागत से निर्मित अन्नपूर्णा भवन उपयोग के अभाव में शोपीस बना हुआ है। भवन तैयार होने के बावजूद सरकारी राशन का वितरण आज भी कोटेदार के निजी आवास पर किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि शासन की मंशा के अनुरूप राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया गया था, लेकिन वर्तमान कोटेदार अपनी सुविधा के चलते वहां से वितरण नहीं कर रहा है। इससे लाभार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।ग्राम प्रधान रसीदा देवी ने बताया कि अन्नपूर्णा भवन बने एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। भवन में सुरक्षित गोदाम सहित राशन वितरण की सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके बावजूद कोटेदार की अनिच्छा के कारण राशन वितरण भवन के बजाय उसके आवास पर किया जा रहा है।प्रधान ने कहा कि अन्नपूर्णा भवन से राशन वितरण होने पर व्यवस्था अधिक पारदर्शी रहती है और लाभार्थियों को भी सुविधा मिलती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अन्नपूर्णा भवन से नियमित राशन वितरण सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# स्टार्ट नहीं हुई रोडवेज बस यात्रियों ने लगाया धक्का



रोडवेज बस स्टॉप पर बस को धक्का लगाते यात्री। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** रोडवेज बसों की खराब हालत मंगलवार को उस समय सामने आ गई जब बस स्टार्ट न होने पर परिचालक और यात्रियों को मिलकर धक्का लगाना पड़ा। काफी देर की मशक्कत के बाद बस स्टार्ट हो सकी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बताया जा रहा है कि बस आलमबाग डिपो की थी। बस को रवाना करने के दौरान अचानक इंजन स्टार्ट नहीं हुआ। इसके बाद चालक और परिचालक ने यात्रियों की मदद से बस में धक्का लगवाया। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी काशी प्रसाद ने बताया कि बस आलमबाग डिपो की है। बस स्टेशन पर धक्का देकर बस स्टार्ट कराई गई थी। संबंधित परिवहन अधिकारी को पत्र भेजकर कहा गया है कि जब तक बस पूरी तरह सही न हो जाए, तब तक उसे अमेठी रूट पर न भेजा जाए।

# अमेठी से रवाना हुई हाईटेक मोटर स्टैंपिंग

कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड बीएचईएल की एफएसआईपी इकाई ने देश की अत्याधुनिक रेल एवं ऊर्जा परियोजनाओं में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए नया इतिहास रच दिया। बीएचईएल के निदेशक ईआरडी एसएम रामनाथन ने एफएसआईपी, जगदीशपुर द्वारा निर्मित 800 मेगावाट क्षमता के टी.जी. स्टेटर फ्रेम तथा वंदे भारत ट्रेन हेतु तैयार मोटर स्टैंपिंग के प्रथम प्रेषण को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने आधुनिक एन.डी.टी. प्रबंधन प्रणाली का उद्घाटन भी किया।

एफएसआईपी द्वारा तैयार की गई हाईटेक मोटर स्टैंपिंग और विशाल टी.जी. स्टेटर फ्रेम इकाई की उन्नत तकनीकी क्षमता, उत्कृष्ट इंजीनियरिंग और उच्च गुणवत्ता वाले विनिर्माण कौशल का प्रतीक मानी जा रही है।



हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बीएचईएल के निदेशक। अमृत विचार

**उपलब्धि**

इस उपलब्धि को "मेक इन इंडिया" और आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेन परियोजना में अमेठी की भागीदारी से जिले के औद्योगिक क्षेत्र को नई पहचान मिली है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एस. एम. रामनाथन ने एफएसआईपी टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी परियोजनाएं संगठन की तकनीकी प्रतिस्पर्धात्मकता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती हैं। इकाई प्रमुख सुनील कुमार सोमानी ने कहा कि यह उपलब्धि एफएसआईपी की टीमवर्क, नवाचार और तकनीकी दक्षता का परिणाम है।

इस दौरान एमएस नेगी महाप्रबंधक उत्पादन, अपर महाप्रबंधक शिव प्रकाश सिंह, मुख्य सुरक्षा अधिकारी अवधेश कुमार, विभागाध्यक्ष व पदाधिकारी रहे।

# गांव-गांव तक संगठन मजबूत करने की तैयारी में जुटी कांग्रेस

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** कांग्रेस संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। मंगलवार को गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में आयोजित बैठक में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन की जमीनी पकड़ मजबूत करने को लेकर लंबी चर्चा की। बैठक सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें जिले भर के ब्लॉक अध्यक्षों और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि आने वाले समय में न्याय पंचायत स्तर तक संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाना सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केवल बैठकों तक सीमित न रहकर गांवों में लगातार संपर्क बढ़ाने की अपील की। बैठक में बूथ कमेटियों को सक्रिय करने, ग्राम सभा अध्यक्षों की जिम्मेदारियां तय करने और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। संगठन प्रभारी ने कहा कि हर बूथ पर ऐसी टीम तैयार होनी चाहिए जो जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और विचारों को प्रभावी ढंग से रख सके।बैठक के दौरान ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों की संगठनात्मक स्थिति की जानकारी दी। कई स्थानों पर नई टीमों के गठन और पुराने कार्यकर्ताओं को दोबारा सक्रिय करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में खुर्शीद अजीज, सुनील सिंह, सर्वेश सिंह, प्रवक्ता अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष छोटू और अशोक शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।

### बड़े मंगल पर भक्ति में डूबे रहे श्रद्धालु



प्रसाद वितरित करते जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगलवार पर अमेठी जिले में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम दिखा। शहर से लेकर गांव तक हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, सुंदरकांड पाठ और भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर प्रसाद और शरबत वितरित किया। वहीं गाजे-बाजे और जयकारों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। हनुमान मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें ज्येष्ठ मास के मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन हनुमान जी को तुलसी दल की माला अर्पित कर मीठे व्यंजनों का भोग लगाने और जलदान करने से मंगल दोष से जुड़ी परेशानियां दूर होती हैं। इसी आस्था के चलते सुबह से ही जिले के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शहर स्थित हनुमानगढ़ी धाम, टीकरमाफी आश्रम स्थित हनुमानगढ़ी धाम, देवीपाटन हनुमान मंदिर, महाजपुर हनुमान मंदिर, सराय खेमा हनुमान मंदिर और सोमपुर मनकंठ हनुमान मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का सामूहिक पाठ भी आयोजित किया गया। शहर के अम्बेडकर तिराहा समेत विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए शरबत और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। टीकरमाफी आश्रम परिसर में स्वामी हर्ष चैतन्य महाराज की अगुवाई में भी शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला, सूरज जायसवाल नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि फूलचंद कसौधन समेत कई समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किए।

### मेधावियों का सम्मान, शिक्षकों का अभिनंदन

**अमेठी, अमृत विचार।** युवा चेतना मंच की ओर से मंगलवार को मंगलपुर स्थित प्रमोद आलोक इंटरमीडिएट कॉलेज का सभागार में कार्यक्रम हुआ। युवा चेतना मंच, उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित गुरु वंदन एवं छात्र-छात्रा अभिनंदन समारोह में शिक्षा, संस्कार और अनुशासन का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच के अध्यक्ष ललित नारायण पाण्डेय और महामंत्री डॉ. देवमणि तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया। समारोह में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रदेश में छठी रैंक और अमेठी जनपद में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा निधि को विशेष सम्मान दिया गया। इसके अलावा मधूलिका शुक्ला को जनपद में तीसरा तथा सूरज वर्मा को दसवां स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के गणित शिक्षक ज्ञान प्रकाश तिवारी, आदित्य यादव और अंग्रेजी शिक्षक अनामय मिश्र को भी विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत अंक लाने पर सम्मान मिला। अध्यक्ष ललित पाण्डेय ने कहा कि सफलता हासिल करना जितना कठिन है, उससे कहीं ज्यादा कठिन उसे लगातार बनाए रखना है। वहीं डॉ. देवमणि तिवारी ने विद्यार्थियों से जन्मदिन पर एक पौधा लगाने की अपील की। प्रधानाचार्या डॉ. ममता त्रिपाठी ने अनुशासन और निरंतर अध्ययन को सफलता की कुंजी बताया।

### बीईओ ने मिड-डे-मील चख परखी व्यवस्था

**छतोह (रायबरेली) अमृत विचार।** छतोह क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय काजीपुर तेलियानी में मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने औचक निरीक्षण कर मिड-डे-मील और शिक्षण व्यवस्था की हकीकत परखी। दोपहर को विद्यालय पहुंचे बीईओ सबसे पहले रसोई घर पहुंचे, जहां भोजन की गुणवत्ता, खाद्यान्न की मात्रा और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर तहरी और मौसमी सब्जी का भोजन ग्रहण किया तथा बच्चों से भोजन के स्वाद और समय पर मिलने की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने भंडार कक्ष, बर्तन, पेयजल टंकी, शौचालय और विद्यालय परिसर की स्वच्छता का जायजा लिया। उन्होंने कक्षा तीन और पांच के विद्यार्थियों से हिंदी व गणित के प्रश्न पूछकर शैक्षिक स्तर भी परखा। उपस्थिति पंजिका और शिक्षक डायरी का अवलोकन करते हुए प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि मिड-डे-मील गुणवत्तापूर्ण और गर्म परोसा जाए तथा शिक्षण कार्य में नवाचार अपनाकर कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। अचानक हुए निरीक्षण से विद्यालय स्टाफ में हड़कंप मचा रहा।

### छात्र-छात्राओं को वितरित की गईं साइकिलें

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** ब्लॉक रोहनिया के छतौना मरियानी में स्थित श्याम सुंदर इंटर कॉलेज ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस दौरान प्रबंधक द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंधक सर्वेश सिंह चौहान ने कहा कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में और आवागमन में कोई बाधा न उत्पन्न हो इसलिए पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गिरधारी लाल भार्गव, दिनेश प्रताप मिश्र, रमेश शुक्ला, सतीश श्रीवास्तव, उमेश तिवारी, रमेश कुमार पाण्डेय, आलोक कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान

**सरेनी (रायबरेली)।** सरेनी के बीआरसी परिसर में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्र नाथ बाजपेयी ने की, जबकि मुख्य अतिथि बीईओ वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी रहे। समारोह में सत्र 2025-26 में सेवानिवृत्त हुए सात शिक्षक व चार शिक्षामित्रों का सम्मान किया गया। बीईओ ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए समाज हित में उनके अनुभव का लाभ देते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नागेंद्र सिंह, राकेश द्विवेदी, शैलेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दीपिका बाजपेयी, संजय सिंह समेत सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# नर्सेस वीक में दिखा सेवा और संवेदना का संगम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित 'नर्सेस वीक 2026' पूरे सप्ताह उत्साह, रचनात्मकता और सेवा भावना से सराबोर रहा। "हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, सशक्त नर्सें बचाती हैं जीवन" थीम पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने न केवल अपने नर्सिंग कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि यह भी दिखाया कि स्वास्थ्य सेवा में संवेदनशीलता और समर्पण कितने अहम हैं। चार मई से शुरू हुए कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज ऑडिटोरियम में हुआ।

सप्ताहभर चली गतिविधियों में वैज्ञानिक प्रदर्शनी, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, पोस्टर प्रस्तुति, तात्कालिक चित्रकला, हाथ धुलाई प्रतियोगिता, स्वास्थ्य शिक्षा और बेड सज्जा प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहीं। 12 मई को आयोजित समापन समारोह में करुणाश्रय स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल संस्थान की प्राचार्य



विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**• प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखी छात्राओं की प्रतिभा**

लिंसी जॉर्ज मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल रोजगार नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे संवेदनशील माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, करुणा और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समापन समारोह में आये हुये अतिथियों का स्वागत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश एस ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापित उप प्राचार्य डॉ गोमती एम ने किया 1पूरे आयोजन के दौरान कॉलेज परिसर में उत्साह और सीखने का माहौल बना रहा।

इस दौरान संजय गांधी अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवधेश शर्मा, प्राचार्य डॉ. यू.ए. सिद्दीकी, उप प्राचार्य एस.डी. सिंह, नर्सिंग अधीक्षक तृष्णा मुखर्जी, सुरेश कुमार सिंह राजपूत, डॉ. नवोदित साहनी और आशीष सिंह समेत कई गणमान्य आदि लोग मौजूद रहे।

### नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान ने बढ़ाया मान: डॉ. रमेश एस

**अमेठी, अमृत विचार।** इंदिरा गांधी स्कूल एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। संस्थान के वरिष्ठ शिक्षाविद् प्राचार्य डॉ. रमेश एस को अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा गठित नर्सिंग संकाय की स्नातकोत्तर अध्ययन समिति का सदस्य नामित किया गया है। यह सम्मान डॉ. रमेश एस की समर्पण भावना, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान का परिचायक माना जा रहा है। उन्होंने लंबे समय से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर मार्गदर्शन प्रदान कर संस्थान को नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के प्रशासक मनोज मुट्टू, सीईओ शर्मिला राय चौधरी बरुआ व संस्थान परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। डॉ. रमेश एस के अनुभव और ज्ञान का लाभ अब नर्सिंग शिक्षा के व्यापक विकास में भी मिलेगा। वहीं नई जिम्मेदारी मिलने पर प्राचार्य डॉ. रमेश एस का कहना है कि नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान ने बखूबी मान बढ़ाया है। महाविद्यालय प्रशासन एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डॉ. रमेश एस को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि संस्थान के लिए प्रेरणा और सम्मान का प्रतीक बन गई है।



डॉ. रमेश एस, प्राचार्य, इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग। अमृत विचार

**आक्रोश** | धरना दे रहे मोहल्लावासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए गिनाईं खामियां

# सीसी रोड निर्माण में धांधली के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत महराजगंज के वार्ड नंबर-3 गांधी नगर में पंडित दीनदयाल योजना के तहत बनाई गई सीसी रोड को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। मोहल्लावासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि जसवंती देवी मंदिर के पीछे करीब 15 लाख 10 हजार रुपये की लागत से बनाई गई सड़क गुणवत्ता विहीन और मानकों के विपरीत है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण में घटिया



एसडीएम आफिस के सामने धरना प्रदर्शन करते नगरवासी। अमृत विचार

सामग्री का प्रयोग किया गया है, जिससे सड़क बनने के कुछ समय बाद ही खराब होने लगी है। मामले की शिकायत 8 अप्रैल को उपजिलाधिकारी कार्यालय, 27 अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यालय तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आक्रोशित लोगों ने सड़क को तत्काल हटाकर एई पीडब्ल्यूडी और ईओ नगर पंचायत की मौजूदगी में मानक अनुसार दोबारा निर्माण कराने, साथ ही सड़क का स्टीमेट सार्वजनिक करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम ने ठेकेदार की जांच के लिए दो दिन का समय लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर धरना समाप्त हो सका। उन्होंने यह भी कहा कि ईओ नगर पंचायत के साथ वह स्वयं मौके पर जाकर सड़क निर्माण की जांच कराएंगे।

**खीरों में ग्रामीणों को मिल रही मात्र आठ घंटे आपूर्ति, खीरों:** विकास क्षेत्र की करीब पौने दो लाख आबादी इन दिनों भीषण बिजली संकट से जूझ रही है। क्षेत्र के कलुआखेड़ा, सेमरी और खीरों विद्युत उपकेंद्रों से आपूर्ति दी जाती है, जबकि शासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली देने के निर्देश जारी किए हैं। इसके बावजूद उपभोक्ताओं का आरोप है कि क्षेत्र में मुश्किल से आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है। सबसे अधिक परेशानी रात में होने वाली लंबी अघोषित कटौती से हो रही है, जिससे लोगों की नींद और दिनचर्या दोनों प्रभावित हो रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी में बिजली संकट ने हालात बदतर कर दिए हैं। पेयजल संकट गहराने लगा है और मोबाइल चार्ज करना भी चुनौती बन गया है। किसानों ने धान की नर्सरी और खेती की तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन पर्याप्त बिजली न मिलने से सिंचाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए शासन के निर्देशानुसार नियमित आपूर्ति की मांग की है। वहीं उपखंड अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि उपकेंद्र स्तर से कोई कटौती नहीं की जाती, जितनी बिजली मिलती है वही उपभोक्ताओं को दी जाती है।

